वर्ष 24, अंक 164, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 23 दिसंबर 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### योगी सरकार के 24496 करोड़ वाले अनुपूरक बजट में क्या-क्या

## इलेक्ट्रिक वाहनों को मिलेगी रफ्तार

**● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट ने इस बजट को पहले ही मंजूरी दे दी है। अगले वित्त वर्ष से दो महीने पहले पेश किए गए इस पूरक बजट से कुछ परियोजनाओं को बढ़ावा मिलने और कम वित्त पोषित योजनाओं में तेजी आने की उम्मीद है।**



**उत्तर** प्रदेश सरकार ने सोमवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 24,000 करोड़ रुपये का पूरक बजट पेश किया। यह बजट वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट ने इस बजट को पहले ही मंजूरी दे दी है। अगले वित्त वर्ष से दो महीने पहले पेश किए गए इस पूरक बजट से कुछ परियोजनाओं को बढ़ावा मिलने और कम वित्त पोषित योजनाओं में तेजी आने की उम्मीद है। बजट में से 50 करोड़ रुपये केवल इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी के लिए रखे गए हैं। इससे ई-स्कूटर, ई-रिक्शा और इलेक्ट्रिक कार खरीदना लोगों के लिए आसान होगा। इसके अलावा एक लाख रुपये परिवहन आयुक्त कार्यालय के ब्लाक-ए में दूसरे तल के निर्माण के लिए प्रतीक राशि के रूप में रखे गए हैं। सरकार का यह अतिरिक्त खर्च विभाग के बजट में होने वाली बचत से पूरा किया जाएगा और इससे सरकारी खजाने पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा।

पूरक बजट पर सरकार का बयान

सरकार ने कहा कि पूरक बजट एक नियमित वित्तीय प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य उभरती जरूरतों को पूरा करना, प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को वित्त पोषित करना और यह सुनिश्चित करना है कि बजटीय बाधाओं के कारण प्रमुख कार्यक्रमों में देरी न हो। विधानसभा में विपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडे ने कहा कि पूरक बजट पेश करना संवैधानिक है। हालांकि, उन्होंने उन परिस्थितियों पर सवाल उठाया जिनके तहत इसे पेश किया जा रहा है।

## 'भारत को नुकसान पहुंचाने की फिराक में बांग्लादेश, पाकिस्तान उठा सकता है फायदा', फॉरेन एक्सपर्ट ने क्या बताया कारण



**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** में कट्टरपंथी नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद ढाका सहित अन्य प्रमुख शहरों में हिंसा भड़क उठी. प्रदर्शनकारी लगातार हिंदू अल्पसंख्यक को निशाना बना रहे हैं और भारत विरोधी बातें कर रहे हैं. विदेश मामलों के एक्सपर्ट रोबिंदर सचदेव ने बांग्लादेश में बढ़ते भारत-विरोधी माहौल पर गहरी चिंता व्यक्त की और चेतावनी दी कि विदेशी एजेंसियां ??इस स्थिति का फायदा उठाकर दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव बढ़ा सकती हैं.

'भारत को नुकसान पहुंचाने की फिराक में है बांग्लादेश'

न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में उन्होंने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर बांग्लादेश के नेताओं के बयान को चेतावनी बताया. उन्होंने कहा, 'भारत सेवन सिस्टर को लेकर पड़ोसी मुल्क से जो बयान सामने आ रहे हैं वह धमकियां हैं. बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति को देखकर ऐसा लगता है कि ये भारत को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं.'

रोबिंदर सचदेव ने कहा, 'बांग्लादेश में पिछले साल हुए आंदोलन से निकले कुछ नेता बार-बार पूर्वोत्तर का जिक्र कर रहे हैं. ऐसा लगता है वे भारत से सभी संबंध तोड़ना चाहते हैं और हमें नुकसान पहुंचाने की फिराक में हैं.' उन्होंने चेतावनी दी कि पाकिस्तान जैसी दुश्मन देश इन हालातों इसका फायदा उठा सकते हैं.'

'बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी का घटना चिंताजनक'

हिंदू अल्पसंख्यक दीपू चंद्र दास की हत्या को लेकर उन्होंने कहा, 'हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या की घटना और बांग्लादेश सरकार की ओर से 10 आरोपियों की गिरफ्तारी एक छोटा कदम है. हम उम्मीद करते हैं ।

## बांग्लादेशी हिंदुओं की मदद के लिए वैश्विक हिंदू समाज को एकजुटता के साथ खड़ा होना होगा: मोहन भागवत



**कोलकाता**

**कोलकाता** में आयोजित बौद्धिक संगोष्ठी में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने बड़ा ही प्रेरक संबोधन दिया। हम आपको बता दें कि चार घंटे से अधिक चले विचार और प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान उन्होंने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर बढ़ते दबाव और उनके उत्पीड़न के मुद्दे पर अपने विचार रखे साथ ही केंद्र सरकार से कहा कि वह इस विषय का संज्ञान ले। उन्होंने पश्चिम बंगाल में हिंदू समाज की एकजुटता को निकट भविष्य के बदलाव की कुंजी भी बताया।

हजार से अधिक शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों की मौजूदगी में भागवत ने साफ कहा कि बांग्लादेश में हालात कठिन हैं। वहां के हिंदुओं को संगठित रहना होगा और वैश्विक हिंदू समाज को उनके साथ खड़ा होना होगा। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर भारत सरकार को कुछ करना होगा। भागवत ने कहा, ह्यह्यहो सकता है कि वे पहले से ही कुछ कर रहे हों, लेकिन उनका खुलासा नहीं किया जा सकता।"

मोहन भागवत ने अपने संबोधन में यह भी जोड़ा कि भारत हिंदुओं का देश है। साथ ही उन्होंने पश्चिम बंगाल पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जैसे ही हिंदू समाज संगठित होगा, राज्य में सामाजिक बदलाव तेजी से दिखाई देगा। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल लंबे समय से राजनीतिक और वैचारिक संघर्ष का मैदान रहा है। ऐसे में एकजुटता का संदेश सत्ता और समाज दोनों के समीकरणों को चुनौती देता है।

कार्यक्रम में यह भी स्पष्ट किया गया कि आरएसएस को लेकर फैलाई गयीं भ्रांतियां वास्तविकता से दूर हैं। भागवत ने संगठन की सौ साल की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि आरएसएस को समझने के लिए उसके काम को देखना होगा, न कि सुनी सुनाई बातों पर भरोसा करना होगा। उन्होंने दो टूक कहा कि आरएसएस किसी राजनीतिक दल का प्रतिनिधि नहीं है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक सेना में सेवा करें या राजनीति में जाएं, इससे संगठन की स्वतंत्र पहचान पर प्रश्न नहीं उठता।

देखा जाये तो मोहन भागवत का कोलकाता से दिया गया हिंदू एकता का संदेश आज की सबसे बड़ी जरूरत है। लेकिन वहीं दूसरी ओर इसे धार्मिक रंग देते हुए मौलाना साजिद रशीदी हिंदुस्तान में मुस्लिमों की एकजुटता की बात कर रहे हैं और मामले को अलग ही दिशा दे रहे हैं।

यही मोड़ सबसे संवेदनशील है। यदि हर आह्वान का जवाब केवल प्रतिआह्वान से दिया गया, तो समाधान की जगह टकराव बढ़ेगा। एकजुटता का अर्थ दीवारें खड़ी करना नहीं, बल्कि अन्याय के सामने मजबूती से खड़ा होना है। भागवत का भाषण इस मजबूती का संकेत देता है।

## महाराष्ट्र निकाय चुनाव में नया समीकरण! अजित पवार ने कांग्रेस से किया संपर्क, गठबंधन का प्रस्ताव



**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** में 15 जनवरी को होने वाले नगर निगम चुनावों से पहले दिलचस्प खबर सामने आई है. सत्तारूढ़ महायुति में शामिल डिप्टी सीएम अजित पवार ने कांग्रेस से संपर्क साधा है. सूत्रों ने इसकी जानकारी दी. दरअसल, अजित पवार ने पुणे नगर निगम चुनाव के लिए कांग्रेस नेता सतेज पाटिल को बीती रात फोन मिलाया.

कांग्रेस नेता ने क्या जवाब दिया?

अजित पवार की एनसीपी महाराष्ट्र में बीजेपी और शिवसेना के सहयोगी है. तीनों दल मिलकर सरकार चला रहे हैं. सूत्रों ने बताया कि अजित पवार ने टेलीफोन पर बातचीत के दौरान गठबंधन पर चर्चा करने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सतेज पाटिल ने जवाब दिया कि उन्हें इस मुद्दे पर अपनी पार्टी से बात करनी होगी, जो सीटों में सम्मानजनक हिस्सा चाहती है.

एनसीपी और कांग्रेस के बीच गठबंधन की संभावना कितनी?

हालांकि, सूत्रों ने ये भी बताया कि अजित पवार की पार्टी एनसीपी और कांग्रेस के बीच गठबंधन की संभावना कम ही दिखाई पड़ रही है. क्योंकि कांग्रेस 165 सदस्यों वाले पुणे नगर निगम में कम सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं है.

महाविकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग के तहत पुणे लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में गई थी।

## मैं घर आना चाहता हूं, मोदी जी मेरी मदद...यूक्रेन में पकड़े गए गुजरात के शख्स ने प्रधानमंत्री को भेजा मैसेज

**गुजरात**

**गुजरात** के मोरबी जिले के 23 वर्षीय युवक, जो कथित तौर पर रूस की ओर से लड़ने के आरोप में यूक्रेन की हिरासत में है, ने अपनी रिहाई के लिए भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मदद की अपील की है। अपने परिवार को भेजे गए वीडियो संदेशों में, उसने रूस में पढ़ाई या काम के लिए जाने की योजना बना रहे भारतीय नागरिकों को धोखाधड़ी से सावधान रहने की चेतावनी भी दी है। मोरबी निवासी साहिल मोहम्मद हुसैन माजोथी नाम का यह युवक इस साल अक्टूबर की शुरूआत में तब सुर्खियों में आया, जब यूक्रेनी अधिकारियों ने उसका एक वीडियो जारी किया, जिसमें वह यूक्रेनी सेना के सामने आत्मसमर्पण करता दिख रहा था।

माजोथी 10 जनवरी, 2024 को सेंट पीटर्सबर्ग में आईटीएमओ विश्वविद्यालय में रूसी भाषा और संस्कृति का पाठ्यक्रम करने के लिए छात्र वीजा पर गए थे। बाद में वे कानूनी मुश्किलों में फंस गए, रूस में जेल गए।

## 'किसी तरह की छेड़छाड़ की इजाजत नहीं'

### अरावली पर मचे घमासान के बीच सीएम भजनलाल का बड़ा ऐलान



**राजस्थान**

**अरावली** को लेकर मचे घमासान के बीच राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का बड़ा बयान सामने आया है. उन्होंने ऐलान किया है कि अरावली को लेकर किसी तरह के छेड़छाड़ की कोई इजाजत नहीं दी जाएगी. सीएम ने कहा कि खनन का कोई नया पट्टा भी जारी नहीं किया जाएगा.

दरअसल, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार (22 दिसंबर) को झालावाड़ में एक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने पूर्व सीएम अशोक गहलोत समेत कांग्रेस पार्टी पर भी निशाना साधा. सीएम ने कहा कि अशोक गहलोत समेत कांग्रेस पार्टी के नेता से सेव अरावली की डीपी लगाकर लोगों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं. डीपी बदलने भर से अरावली नहीं बचेगी, बल्कि उसके लिए दृढ़ इच्छा शक्ति दिखानी होगी. उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर लोगों को बरगलाने का भी आरोप लगाया.

बता दें कि राजस्थान में आज अरावली के मुद्दे को लेकर एक दर्जन से ज्यादा जिलों में प्रदर्शन हुए, कुछ जगहों पर हंगामा भी हुआ. उम्मीद जताई जा रही है कि सीएम भजनलाल शर्मा के आज के ऐलान के बाद विरोध कुछ कम हो सकता है.

उम्मीद करते हैं बयान पर कायम रहेंगे सीएम- कांग्रेस

हालांकि कांग्रेस पार्टी ने इसे लेकर सियासी निशाना भी साधा है. राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा है कि पहली बार ऐसा हुआ है कि सीएम भजनलाल ने दिल्ली से पर्ची आए बिना अपनी मर्जी से कोई बात कही है. हम उम्मीद करते हैं कि वह अपने इस बयान पर कायम रहेंगे।

## 'आलोक सिपाही पक्का सपाई... अखिलेश के साथ उसकी फोटो', विधानसभा में दिखा सीएम योगी का अलग अंदाज



**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन आज सोमवार (22 दिसंबर, 2025) को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अलग अंदाज देखने को मिला. कोडीन कफ सिरप मामले में विपक्ष की ओर से जोरदार हंगामा हुआ. इस हंगामे के बीच सीएम योगी ने कोडीन कफ सिरप मामले को लेकर सदन में सरकार की तरफ से हुई कार्रवाई की जानकारी दी और इसके साथ ही सीएम योगी ने एक ऐसी फोटो दिखाई जिस पर सपा नेताओं ने हंगामा शुरू कर दिया. सीएम योगी ने कहा आलोक सिपाही पक्का सपाई है, अखिलेश यादव के साथ आलोक सिपाही के विजुअल्स वायरल हुए हैं, जिसमें वह कुछ गिफ्ट दे रहा था. सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में एक फोटो दिखाते हुए कहा कि कोडीन कफ सिरप मामले में यूपी पुलिस की कार्रवाई में शुभम जायसवाल का नाम आया है जिसका समाजवादी पार्टी से संबंध रहा है, वह अमित यादव का व्यापारिक साझेदार है. अमित यादव कैंट, वाराणसी से सपा का प्रत्याशी रहा है. अगर प्रत्याशी नहीं है तो अमित यादव की फोटो अखिलेश के साथ तो है न. इसके साथ ही सीएम योगी ने कहा कि अमित यादव समाजवादी पार्टी युवजन सभा से जुड़ा हुआ है, मिलिंद यादव भी इस नेक्सस में शामिल है जो शुभम जायसवाल का करीबी. मिलिंद यादव के फोन नंबर शैली ट्रेडर्स के जीएसटी रजिस्ट्रेशन में अंकित हैं. सीएम योगी ने कहा कि अमित यादव और मिलिंद यादव के खातों से शुभम जायसवाल और उसकी पत्नी के खातों में गैरकानूनी ट्रांजेक्शन के मामले भी सामने आए हैं।

## ग्रेटर नोएडा किसान महापंचायत में राकेश टिकैत का ऐलान, 'अब आश्वासन नहीं, हक लेकर ही...'



**ग्रेटर नोएडा**

**उत्तर प्रदेश** में ग्रेटर नोएडा का जीरो पॉइंट सोमवार (22 दिसंबर) को किसानों के आक्रोश का केंद्र बन गया. भारतीय किसान यूनियन के आह्वान पर आयोजित 'किसान महापंचायत' में हजारों की संख्या में किसान उमड़ पड़े. सरकार और प्राधिकरण के खिलाफ नारेबाजी करते हुए किसानों ने साफ कर दिया है कि अब वे आश्वासनों से मानने वाले नहीं हैं, वे अपना एक-एक हक लेकर रहेंगे. महापंचायत जिन अहम मुद्दो पर चर्चा हुई उनमें किसानों की आबादी की समस्या का स्थायी समाधान, भूमि अधिग्रहण पर 64% बढ़ा हुआ मुआवजा, अधिग्रहित जमीन के बदले 10% विकसित भूमि का आवंटन, गांवों में शहरी तर्ज पर विकास और स्थानीय बेरोजगार युवाओं को सरकारी और निजी परियोजनाओं में प्राथमिकता प्रमुख थे.

राकेश टिकैत ने आबादी की परिभाषा पर उठाए सवाल

'किसान महापंचायत' में पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि प्रशासन 'आबादी' की परिभाषा को ठीक से समझने को तैयार नहीं है. किसान के लिए उसका घर सिर्फ चार दीवारें नहीं, बल्कि उसके 'घेर' (बाड़े) भी हैं, जहाँ वह पशुपालन करता है. लेकिन सरकार इन 'घेर' को आबादी में न मानकर किसानों को उनके अधिकार से वंचित कर रही है।

## 'फातिहा पढ़ने लायक नहीं छोड़ेंगे'

### विधानसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष से क्यों कहा ऐसा?

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** में कोडीन कोडीन कफ सिरप मामले में सियासी आरोप-प्रत्यारोप लगातार जारी हैं. आज सोमवार (22 दिसंबर) को विधनासभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी को बख्शा नहीं जाएगा. उन्होंने विपक्ष को घेरते हुए कहा, ह्लसरकार की कार्रवाई जब अपने अंतिम स्तर पर जाएगी, तब आपमें से बहुत से लोग फतिया पढ़ने जाएंगे और आपको फतिहा पढ़ने लायक भी नहीं छोड़ेंगे, तब तक ऐसी कार्रवाई हम कर देंगे.

मुख्यमंत्री योगी ने कहा, सदन को मैं आश्वस्त करता हूं कि इस मामले में जो भी अपराधी होगा उसके खिलाफ जितनी सख्त कार्रवाई हो सकती है वो उत्तर प्रदेश की सरकार करेगी.ह्व सीएम योगी ने कफ सिरप मामले में अब तक हुई कार्रवाई की पूरी जानकारी आज सदन में रखते हुए बताया कि इस मामले में अब तक 77 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी.

प्रदेश में मौत का कोई आंकड़ा नहीं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन में जानकरी दी कि यूपी में कोडीन कफ सीरप से मौत की कोई पुष्टि नहीं है. जिस सिरप से मौत की बात आई है वो सिरप प्रदेश के बाहर की है. प्रदेश मे इल्लीगल डायवर्जन हो रहा था, इसमें अलग लाग छापेमारी में अब तक 77 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है. उन्होंने बताया कि इस गतिविधि में जो कंपनियां सामने आई हैं.



उनमें वाराणसी की शैली ट्रेडर्स, सहारनपुर की अबो्र्ट हेल्थ केयर और गाजियाबाद व दिल्ली की लेब्रोटरी है.

सपा साधा निशाना

आरोपियों से सांठगांठ को लेकर सीएम योगी ने सपा पर निशाना साधा. बोले वाराणसी में जो शुभम जायसवाल जिस स्टोरेज का इस्तेमाल करता है वो मनोज यादव का है. मुख्यमंत्री बोले कि यह सबको पता है कि माफिया से किसके कनेक्शन हैं ? शैली ट्रेडर्स के शुभम जायसवाल समाजवादी पार्टी युवजन सभा के स्टेट सेक्रेटरी और कैंट वाराणसी से समाजवादी पार्टी के कैंडिडेट अमित यादव के बिजनेस पार्टनर हैं. वो सपा के उम्मीदवार रहे अमित यादव के बिजनेस पार्टनर हैं. सीएम योगी यहीं नहीं रुके बोले अमित यादव की फोटो अखिलेश यादव के साथ है. वह आपके ऑफिस बेयरर हैं, और आप इससे इनकार नहीं कर सकते।

## ब्लूटूथ डिवाइस के माध्यम से नकल करते हुए सात परीक्षार्थी हुए गिरफ्तार, भेजे गए जेल

### कब्जे से सात ब्लूटूथ, सात सिम डिवाइस एवं सात सिम कार्ड बरामद




**अखंड भारत संदेश**

**थरवई।** रविवार को प्रथम पाली में आयोजित हुई प्रतियोगी परीक्षा ईएमआरएस में हॉस्टल वार्डन व स्टॉफ नर्स की परीक्षा में डिवाइस के मध्याम से नकल करते हुए साथ परीक्षार्थी हुए गिरफ्तार। मामला गंगानगर जोन के थाना थरवई अंतर्गत चकिया घाट निकट स्प्रिंगर पब्लिक स्कूल में हो रही प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान कुल सात परीक्षार्थियों को डिवाइस के साथ गिरफ्तार किया। जिसमें मंजीत कुमार पुत्र अमृत लाल, रंजीत कुमार पुत्र जयराम, सचिन कुमार मौर्य पुत्र विजय बहादुर मौर्य, सतीश कुमार पुत्र रामचंद्र एवं तीन महिला अभ्यर्थी सहित कुल सात लोग गिरफ्तार किये गए जिनके कब्जे से नकल करते हुए सात ब्लूटूथ डिवाइस, 7 सिम डिवाइस, 7 सिम कार्ड उनके पास से बरामद करते एवं उन्हें थाने लाया गया। इंस्पेक्टर थरवई संतोष कुमार पाण्डेय ने बताया की स्प्रिंगर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य नीरज कुमार मिश्र द्वारा प्राप्त तहरीर के अनुसार मामले को संज्ञान में लेते हुए उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एस आई जितेंद्र नाथ सिंह, महिला एस आई आकांक्षा द्विवेदी सहित कई पुलिस टीम में मौजूद रहे। सहायक पुलिस आयुक्त थरवई अरुण पाराशर ने बताया की मामले को संज्ञान में लेते हुए सातों परीक्षार्थियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

## ऊंचडीह गांव में जमीनी विवाद पर गाली-गलौज, एनसीआर दर्ज

**मांडा।** थाना क्षेत्र के ऊंचडीह गांव में जमीनी विवाद को लेकर गाली-गलौज और मारपीट की धमकी का मामला सामने आया है। मांडा पुलिस ने इस संबंध में गैर-संज्ञेय रिपोर्ट (एनसीआर) दर्ज कर ली है।

यह मामला ऊंचडीह गांव निवासी अनंत नारायण सिंह पुत्र स्वर्गीय शैलेंद्र बहादुर सिंह ने दर्ज कराया है। उन्होंने मांडा थाने में तहरीर दी है। अनंत नारायण सिंह ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि सोमवार दोपहर बाद गांव के ही राजित राम पुत्र बृज किशोर ने जमीनी विवाद को लेकर उनके साथ गाली-गलौज की और मारपीट पर उतारू थे।

पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी राजित राम के खिलाफ एनसीआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## प्राचीन हिंदू सभ्यता और संस्कृति पर हम सभी को गर्व



**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** प्रतिष्ठान पूरी नगर, झूंसी में दुर्गा बस्ती अंतर्गत सुदर्शन शाखा स्थल पर हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता कर रहे ज्ञानेंद्र व मंच पर आसीन वंदना त्रिपाठी, आचार्य शिवाकांत शुक्ला, मुख्य वक्ता भाग संचालक राम सिंगार, भूलन आदि लोगों ने हिंदू संस्कृति और सभ्यता पर अपने-अपने विचार व्यक्त किया । वक्ताओं ने हिंदू संस्कृति, समाज व हिंदू सनातन विषयों पर बोलते हुए कहा कि हिंदू सभ्यता सबसे प्राचीन सभ्यता है। हिंदू धर्म दुनिया का सबसे प्राचीन और विविधतापूर्ण धर्म है। जिसे सनातन धर्म भी कहा जाता है। यह किसी एक व्यक्ति द्वारा स्थापित नहीं हुआ, बल्कि प्राचीन वैदिक परंपराओं, दर्शन और आस्थाओं का समुच्चय है। हम सबको अपने हिंदू संस्कार और संस्कृति पर गर्व है। हम सब इस मंच के माध्यम से आज संकल्प लेते हैं कि हिंदू धर्म को आगे बढ़ाने के लिए एक साथ मिलकर कार्य करेंगे। इस मौके पर नगर बौद्धिक प्रमुख सुधेंद्र, दुर्गा बस्ती प्रमुख रूद्रेश, शाखा कार्यवाह रवि, राकेश, नीरज, मुक्तेश्वर, अनुज, नागेश, रविंद्र, धर्मेश्वर, बीके पटेल, बीपी सिंह, दिनेश, अनिल, राणा, मनोज, विजय, आदि लोग उपस्थित रहे।

## मटर लदी डीसीएम पलटी खड़ी मारुति क्षतिग्रस्त



**मऊआइमा।** थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित हरिसेनगंज बाजार में सोमवार को दो बजे रात्रि के करीब जबलपुर से मटर लाद कर डी सी एम नौगढ बस्ती जाते समय हरिसेनगंज बाजार में डीसीएम बालू के ढेर में फंस कर पलट गई। जिससे घर के पास खडी बाजार निवासी लालचन्द्र केसरवानी की मारुति बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।तथा शिव बाबू की बाइक को नुक्सान हुआ और आस पास गुलाबचन्द्र, मुन्ना मनोज चौरसिया, बच्चा, ललऊ, अमन केसरवानी, विनोद आदि दर्जनभर मकान हिल गए और टीन के सेट टेढे हो कर क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह पलटी डीसीएम को सीधा करायी।और थाने ले गई। इस घटना से हरिसेनगंज बाजार में अफरा तफरी मच गई।बताते हैं कि हाईवे पर पप्पू नामक व्यक्ति की बालू रखी थी। जिसमें फंस कर डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत रहा कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

## जारी बाजार में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर आयोजित

### ब्लाक प्रमुख इन्द्रनाथ मिश्र ने फीता काट कर शिविर का किया शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** सोमवार को जारी बाजार स्थित वर्मा डेंटल क्लिनिक में लगातार पांचवें वर्ष निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख कौंधियारा इंद्रनाथ मिश्र, डॉ भूपेंद्र मणि त्रिपाठी, ग्राम प्रधान जारी रेनू बिहारी जायसवाल, राजेंद्र कुशवाहा, ने दीप प्रज्वलित कर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया। जंग बहादुर सिंह,देवव्रत द्विवेदी, नीरज मिश्रा, सुधीर साहू आदि लोग उपस्थित रहे।

वर्मा डेंटल क्लीनिक के डायरेक्टर डा एस के वर्मा ने बताया कि हर वर्ष 22 दिसंबर को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर में मरीजों के दांतों की जांच, एवं दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। मरीजो को दांत एवं मुख में होने वाली बीमारियों एवं उनसे बचने के तरीके भी बताए जाते हैं।



निःशुल्क दंत शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस, विशेषकर गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को दांतों से संबंधित समस्याओं के प्रति जागरूक करना और उन्हें उचित उपचार प्रदान करना है। शिविर में दांतों की जांच के साथ-साथ मसूड़ों की बीमारी, दांतों में कीड़ा लगना, दांतों का दर्द, मुंह की दुर्गंध और पायरिया जैसी समस्याओं का परीक्षण किया गया।

चिकित्सकों ने मरीजों को दांतों की सही देखभाल, नियमित ब्रश करने, समय-समय पर जांच कराने और तंबाकू व गुटखा जैसे नशीले पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी। शाम तक कुल 180 मरीजों का परीक्षण एवं निःशुल्क दवा का वितरण किया गया।

## गांधी जी देश की जनता के दिल में बसते हैं : ओम प्रकाश साहू

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी देश की आजादी में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी का बहुत बड़ा योगदान है, गांधी जी देश की जनता के दिल में बसते है। मनरेगा से उनका नाम हटाया जाना दुर्भाग्य पूर्ण है, इसकी जितनी निन्दा की जाए कम है। उक्त बातें सण्डवा कला नैनी में साहू कल्याण समिति यमुनापार नैनी की एक बैठक को संबोधित करते हुए समिति के वरिष्ठ संरक्षक ओम प्रकाश साहू ने कहा। बैठक को संबोधित करते हुए साहू ने कहा कि ग्रामीण जनता को रोजगार मुहैया कराने हेतु तत्कालीन सरकार ने महात्मा गांधी जी के नाम से मनरेगा विधेयक लाया, जिसका लाभ ग्रामीणों को मिला। लेकिन वर्तमान सरकार को गांधी जी से क्या आपत्ति है कि मनरेगा शब्द को ही हटा दिया गया। ग्रामीण रोजगार को 100 दिन के बदले 125 दिन का हम स्वागत करते हैं। लेकिन किसी महापुरुष के नाम पर राजनीति करना गलत है।बैठक की अध्यक्षता दया शंकर गुप्ता व संचालन समिति के अध्यक्ष राम सागर गुप्ता ने किया। बैठक में दुर्गा प्रसाद गुप्ता, रविंद्र कुमार गुप्ता, डॉ धीरज साहू, हरीश चंद्र साहू, अजीत साहू, श्याम देव गुप्ता, सुधीर गुप्ता, सच्चिदानंद गुप्ता, जंग बहादुर शाहू, राजीव साहू, अमृत लाल साहू, के पी गुप्ता, भोला नाथ आदि लोगों ने विचार व्यक्त किया।

## नए एडीओ पंचायत सहसों का ब्लॉक परिसर में माल्यार्पण कर कर्मचारियों ने किया स्वागत



**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** विकास खंड सहसों में सहायक विकास अधिकारी पंचायत के पद पर संतोष कुमार सिंह ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर ब्लॉक में कार्यरत कर्मचारी व सफाई कर्मियों ने नए एडीओ पंचायत का माल्यार्पण कर उनका स्वागत करते शुभकामनाएं प्रेषित किया। इसके पहले यहां पर कार्यरत एडीओ पंचायत दिनेश कुमार चौरसिया का बहादुरपुर स्थानांतरण हो जाने के बाद ग्राम सभा चक काशीराम में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत संतोष कुमार सिंह को वरिष्ठता के आधार पर सहसों विकासखंड के एडीओ पंचायत पद की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस मौके पर ब्लॉक के कर्मचारी अरुण त्रिपाठी, विजय कुमार, शशी यादव, सफाई कर्मचारी बृजेश गुप्ता, विपिन चंद्र, कृष्ण चंद्र, आनंद आदि लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।

## डंफर की चपेट में आए अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हालत नाजुक



**सहसों।** सराय इनायत थाना के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत सहसों गोल चौराहे पर सोमवार की सुबह डंफर की चपेट में आने से कुशल कर बाइक सवार अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अधिवक्ता को इलाज के लिए 108 नंबर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनी में भर्ती कराया जहां पर हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के अटवा गांव निवासी गेंदा सिंह जिला कचहरी में प्रैक्टिस करते हैं। रोज की तरह वह सोमवार को भी अपनी बाइक से शहर की ओर जा रहे थे जैसे ही वह सहसों गोल चौराहे पर पहुंचे ही थे कि पीछे से तेज रफ्तार डंफर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। पहिए के नीचे आ जाने से उनका हांथ व पैर की हड्डी टूट जाने से झूल गया। चीख पुकार मचते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी 108 नंबर एंबुलेंस व स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उचित लिखा पढ़ी करते हुए घायल अधिवक्ता को इलाज के लिए बनी स्थित सरकारी अस्पताल भिजवाया जहां पर चिकित्सकों ने उनकी हालत देखकर शहर के लिए रेफर कर दिए। पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में ले लिया। समाचार लिखे जाने तक अधिवक्ता की हालत चिंता जनक बताई जा गई है। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

## ध्यान आंतरिक शांति और वैश्विक सद्भाव का संदेश : योगाचार्य डॉ रमेश चंद्रा

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में विगत चार दशक से योग आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा में अभ्यासरत विश्व संवाद परिषद (योग प्राकृतिक चिकित्सा) प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं इंडियन योग एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के उपसचिव डॉ रमेश चंद्रा ने बताया कि मानसिक तनाव और असंतुलित जीवन शैली के इस दौर में ध्यान (मेडिटेशन) की उपयोगिता को वैश्विक स्तर पर स्वीकार करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विश्व स्तर पर मनाने की घोषणा की है। यह दिवस प्रतिवर्ष 21 दिसंबर को मनाया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा यह ऐतिहासिक निर्णय 6 दिसंबर 2024 को लिया गया जिसमें भारत ने सह प्रायोजक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विश्व ध्यान दिवस का मुख्य उद्देश्य ध्यान के माध्यम से शारीरिक मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना है। आज के तेज रफ्तार की जिंदगी में बढ़ते तनाव अवसाद और मानसिक असंतुलन को देखते हुए यह दिवस



मानव कल्याण की दिशा में एक सार्थक पहल मानी जा रही है इस दिवस के प्रमुख उद्देश्यों में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना, तनाव व चिंता को कम करना, भावनात्मक संतुलन को बढ़ावा देना, तथा आंतरिक शांति के साथ-साथ वैश्विक सद्भावना को मजबूत करना शामिल है। ध्यान व्यक्ति को स्वयं से जोड़ता है और सकारात्मक सोच रखने की शक्ति प्रदान करता है। विश्व ध्यान दिवस का महत्व केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है बल्कि यह सामाजिक और वैश्विक स्तर पर भी शांति और सहयोग का संदेश देता है। इस अवसर पर दुनिया भर में ध्यान, मंत्र, योग कक्षाएं, कार्यशालाएं, सेमिनार, और मानसिक स्वास्थ्य पर चचाओं का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को ध्यान के वैज्ञानिक, आध्यात्मिक, और व्यावहारिक लाभों से अवगत कराया जाता है। पूजा आरोग्य केंद्र के संस्थापक योगाचार्य डॉ रमेश चंद्रा के अनुसार ध्यान केवल एक अभ्यास नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है। नियमित ध्यान से व्यक्ति मानसिक रूप से सशक्त, भावनात्मक रूप से स्थिर, और शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाता है विश्व ध्यान दिवस मानवता को शांति, करुणा और संतुलन की ओर प्रेरित करने में का सशक्त माध्यम है। विश्व ध्यान दिवस न केवल ज्ञान के महत्व को रेखांकित करता है बल्कि संदेश देता है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने अंदर शांति स्थापित कर ले तो वैश्विक स्तर पर भी शांति और सद्भाव संभव है।

## माघ मेले में श्रद्धालुओं के लिए कुल 43 पार्किंग स्थल बनाए गए

### मार्ग पर कलर कोडिंग, प्रतीकात्मक चिन्हों से मिलेंगी पार्किंग स्थल पहचान

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** संगम नगरी माघ मेले में विभिन्न सड़क मार्गों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कुल 43 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। इन पार्किंग स्थलों के चिह्नांकन के लिए सभी स्थानों पर विविध जीव-जंतुओं के चिह्न अंकित किए जा रहे हैं। जौनपुर मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए चार पार्किंग स्थल बनाए गए हैं जिनमें पूरे सूरदास पर कंगारू, चीनी मिल पर शेर, ओल्ड जीटी कछार पर बारासिंघा और सरस्वती पार्किंग पर चीते का चिह्न अंकित रहेगा। रीवा मार्ग पर पांच पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। इनमें गजिया ग्राम पर कौआ, नव प्रयागम एक पर चील और नव प्रयागम दो पर शुतुरमुर्ग का चिह्न अंकित रहेगा। वाराणसी मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए छह पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। त्रिवेणी पुरम पूरब पर ऊंट, त्रिवेणीपुरम पश्चिम पर घोड़ा और छतनाग पर भेड़ का चिह्न अंकित रहेगा। मिजार्पुर मार्ग पर तीन पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। इसमें डीपीएस कछार पर मुर्गा, देवरख उपहार पर बतख और ओमेक्स पार्किंग पर कबूतर का चिह्न अंकित रहेगा। कानपुर मार्ग पर 18 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं जिनमें जॉर्जटाउन एसोसिएशन पार्किंग पर बगुला, सीएमपी पर गिलहरी और केपी कॉलेज पार्किंग पर गैंडे का चिह्न अंकित होगा। लखनऊ मार्ग पर सात पार्किंग स्थल बनाए गए हैं जिनमें कर्नलगंज इंटर कॉलेज पर चमगादड़, छोटा भगाड़ा पर पेंग्विन और बक्शी बांध पर घोंघा का चिह्न अंकित रहेगा।

## कवित्री चित्रा श्रीवास्तव की दो कृतियों मेरा मन वृंदावन तथा दुलहिन दूलहु का भव्य लोकार्पण

### चित्रा एक अलग अलौकिक दृष्टि एवं कल्पना की रचनाकार : कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा

**प्रयागराज।** ओहरियो ऑगेर्नाइजेशन के तत्वावधान में कवयित्री चित्रा विशाल श्रीवास्तव की काव्य कृतियों - ह्यमेरो मन वृन्दावन एवं ह्यदुलहिन दूलहु–का लोकार्पण प्रयागराज स्थित ब्लू बेल स्कूल करेली सभागार में सुप्रसिद्ध अकादमी चित्रकार रवीन्द्र कुशवाहा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। अध्यक्षीय संबोधन में कुशवाहा ने कहा कि दोनों पुस्तकों में राधा कृष्ण के अलौकिक प्रेम का सजीव चित्रण हुआ है स्वर कोकिला कवित्री चित्रा श्रीवास्तव ने ह्यमेरो मन वृन्दावनह्न में रसिक भक्त के हृदय में उठते वियोग व संयोग के भावों को गीत-पदों के माध्यम से अभिव्यक्त किया है, वहीं ह्यदुलहिन दूलहुह्न में श्यामा-श्याम के मध्य घटित सुंदर




लीलाओं का काव्यमय चित्रण किया है। दोनों कृतियों की विशेषता यह है कि इनमें भावानुसार उपयुक्त चित्रों का समावेश है। उल्लेखनीय है कि चित्रा जी की यह ग्यारहवीं पुस्तक है। सर्वप्रथम अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात ओहरियो ऑगेर्नाइजेशन ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र, पुष्पदान प्रदान कर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि के रूप में राघवेन्द्र बहादुर सरल व श्रीमती सरला श्रीवास्तव उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती कल्पना वर्मा, श्रीमती जया मोहन शामिल रहीं । मुख्य वक्ता में डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय रहे। संचालन प्रो.रवि कुमार मिश्र ने किया। ब्लू बेल स्कूल के प्रबंधक संदीप कुशवाहा के अतुलनीय सहयोग से यह कार्यक्रम से संपन्न हुआ। अन्य वक्ताओं में कल्पना वर्मा, जया मोहन, मिली संजय ह्यश्रीह्न, इं. रंजन पाण्डेय, पंडित राकेश मालवीय ह्यमुस्कानह्न, अजित श्रीवास्तव , मुक्तक सम्राट पाल प्रयागी डॉ राम सुख यादव एवं अन्नू श्रीवास्तव ने आध्यात्मिक पक्ष एवं चित्रमय प्रस्तुति की विशेष रूप से सराहा। ओहरिओ की ओर से अदिति श्रीवास्तव एवं चित्रा विशाल श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों, साहित्य प्रेमियों एवं उपस्थित जनों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन प्रभंजन त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार अनु श्रीवास्तव, डॉ.अरविंद मालवीय, मुक्तक सम्राट पाल प्रयागी, शरद श्रीवास्तव, राघवेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव, प्रभंजन त्रिपाठी, मधुरिमा शर्मा, चेतना सिंह चितेरी, डॉ. मंजू प्रकाश, शैलेंद्र जय, ऋतु पाण्डेय, अदिति श्रीवास्तव, सुयश श्रीवास्तव, विवान शिवाय श्रीवास्तव, श्रिया, आदिल खां की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# अपात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में न हो सम्मिलित : डीएम

## सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि पोर्टल पर उपलब्ध सूची का अवलोकन स्वयं एवं अपने बीएलए के माध्यम से करते हुए यदि कोई विसंगति हो, तो उसे दूर कराये

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी।बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अन्तर्गत हो रहे एएसडी मतदाताओं के पुर्नसत्यापन व मैपिंग के कार्यों की प्रगति एवं गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि बीएलओ के द्वारा बनायी गयी मतदाताओं की एएसडी लिस्ट को आप सभी लोगो के साथ साझा किया गया है, यदि कोई व्यक्ति गलती से एएसडी लिस्ट में सम्मिलित हो गया है, तो उसे अभी 26 दिसम्बर तक रोलबैक कराया जा सकता है अन्यथा सम्बंधित मतदाता का नाम ड्राफ्ट प्रकाशन की लिस्ट में सम्मिलित नहीं होगा। अतः आपसे अनुरोध है कि आपके द्वारा नियुक्त बीएलए पूरे डेडीकेशन के साथ लग कर बीएलओ का सहयोग करें, जिससे कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाये।

जिलाधिकारी ने बताया कि बीएलओ के द्वारा मृतक, पूर्ण रूप से स्थानातरित, डुप्लीकेट/आल रेडी इनरोल्ड, अनुपस्थित एवं अन्य मतदाताओं को चिन्हित कर बनायी गयी एएसडी लिस्ट को आप सभी राजनैतिक दलों के द्वारा नियुक्त बीएलए के साथ साझा किया गया है और सभी बूथों पर चस्पा भी कराया गया है और एएसडी मतदाताओं की मतदेय स्थलवार सर्चेबल फार्मेट पर तैयार की गयी लिस्ट को जनपद प्रयागराज की वेबसाइट पर अपलोड भी किया गया है, जिसपर जनसामान्य अपना नाम एएसडी सूची में देख सकते है, यदि किसी व्यक्ति का नाम बीएलओ के द्वारा एएसडी लिस्ट में गलत चिन्हित कर लिया गया है, तो वह अपना नाम सम्बंधित बीएलओ अथवा ईआरओ से सम्पर्क कर रोलबैक करा सकता है।जिलाधिकारी ने बैठक में बताया कि अभी एएसडी वोटर्स पर विशेष फोकस कर उन्हें ढूढंने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि अपने-अपने बूथों पर जाकर अपना नाम एएसडी लिस्ट में चेक कर लें, यदि किसी गलती से उनका नाम एएसडी लिस्ट में सम्मिलित हो गया है, तो वह अपना नाम रोलबैक करा ले। बताया कि कुल 30,31,144 (86.15 प्रतिशत) मतदाताओं का डिजिटाइजेशन के अनुसार मैपिंग का कार्य दिनांक 22 दिसम्बर के अपरान्हन 02:00 बजे तक पूर्ण कर लिया गया है।बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के ई0सी0आई0 नेट पोर्टल पर एएसडी श्रेणी के मतदाताओं की हिन्दी अनुवादित सूची पूर्ण विवरण सहित डाउनलोड करने हेतु आप्शन उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से सूची का अवलोकन स्वयं एवं अपने बीएलए के माध्यम से करवाने के लिए कहा है, जिससे कि कोई विसंगति पायी जाती है, तो तत्काल सक्षम अधिकारी को अवगत कराते हुए उसे सही कराया जा सके।

जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि बीएलओ के पास फार्म-6 उपलब्ध करा दिए गए है, जिन लोगो ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया है, लेकिन अभी तक उनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं है या ऐसे लोग जो अर्हता तिथि 01.01.2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है या ऐसे मतदाता जो पूर्व में मतदाता थे, लेकिन किन्हीं कारणों से मतदाता सूची में उनका नाम नहीं है, तो वह सभी फार्म-6 भरकर जमा कर सकते है, ऐसे सभी मतदाताओं का नाम 28 फरवरी, 2026 के फाइनल ड्राफ्ट रोल में आ जायेगा। नए वोटर्स बनाये जाने का अभियान भी चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से इस अभियान में सहयोग करने के लिए एवं बीएलओ से सम्पर्क कर फार्म-6 अनुलग्नक-4 सहित घोषणापत्र के साथ बीएलओ को उपलब्ध कराने के लिए अनुरोध किया।जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट को और अधिक सक्रिय करने और व सम्बंधित बीएलओ से एएसडी लिस्ट को अवश्य रिसीव कर लें और लिस्ट का अवलोकन कर लिस्ट में सम्मिलित लोगो को ट्रेस करने में बीएलओ को अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे सभी एएसडी लिस्ट में चिन्हित मतदाताओं का सर्वे कराकर अपने स्तर से भी पुष्टि अवश्य कर लें, यदि किसी भी मतदाता का एएसडी लिस्ट में गलत अंकन हो गया है, तो उसका रोलबैक अवश्य करा लें। कोई भी पात्र मतदाता एएसडी लिस्ट में सम्मिलित न रहे।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा मिश्रा, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण एवं निर्वाचन से सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सराफा व्यवसाई को बदमाशों ने गोली मार कर छीन लें गये आभूषण भरा बैंग



**करछना।** करछना थाना क्षेत्र के मझुआ गांव का रहने वाला युवक चन्दन सोनी की ज्वैलर्स की दूकान भीरपुर हाईवे पर है, सोमवार शाम अपनी दूकान बंद करके चन्दन सोनी मोटरसाइकिल से घर को जा रहा था कि रास्ते में घोड़ेडीह नहर पुलिया के पास घात लगाए बैठे बदमाशों ने चंदन सोनी को तमंचे से गोली मार कर घायल कर दिया गोली लगने से चंदन मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर गया इतने में मौका पाकर बाइक सवार बदमाशों ने चंदन सोनी के गाड़ी में रक्खा बैंग लेकर कर फरार हो गए भुक्तभोगी के अनुसार बैंग में दो किलो चांदी के आभूषण व कुछ नगदी था जो बदमाश छीन लें गये।गोली की आवाज सुन कर सड़क पर राहगीरों की भीड़ लग और पुलिस को सूचना दी गई घटना के कुछ दूरी पर भीरपुर रिर्पोटिंग चौकी के नीयर घटना से पुलिस के भी हाथ- पांव फूल गए, मौके पर पहुंची पुलिस ने नाकेबंदी कर बदमाशों की तलाश में जुटी है वहीं घायल चंदन सोनी को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना में इलाज हेतु भर्ती कराया गया है।

## सकल हिन्दू समाज के तत्वाधान में हिन्दू सम्मेलन आयोजित

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में राम वाटिका, राघवेंद्र नगर में सकल हिंदू समाज आयोजन समिति द्वारा एक भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। हिंदू समाज की बंधुता, परस्पर प्रेम, सहयोग तथा स्वाभिमान पर आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुज अग्रवाल द्वारा की गई।जिसमें मुख्य अतिथि सच्चा बाबा आश्रम के पूर्व प्रधानाचार्य चंद्र देव मिश्रा, विशिष्ट अतिथि महापौर गणेश केसरवानी, मुख्य वक्ता सदभाव प्रमुख काशी प्रांत के शिव मूर्ति, विशिष्ट अतिथि कृष्ण गोविन्द पूर्व प्रधान, सविता शर्मा समाज सेविका ने हिस्सा लेकर समाज में हिंदुत्व के अस्तित्व को बचाने, बढ़ाने के साथ श्री राम प्रभु के चरित्रों का उल्लेख किया। इस अवसर पर शिव मूर्ति द्वारा हिंदू धर्म के कर्तव्यों, सामाजिक छुआ छूत, परिवार को हिंदुत्व की तरफ ले जाने के साथ साथ पांच कुटुंबो पे प्रकाश डाला। सात्विक भोजन पूरे परिवार संग भजन, भ्रमण, भेष भूसा, भाषा और और साथ साथ स्वदेशी अपनाने की अपील की गई। शिव मूर्ति द्वारा पर्यावरण, बिजली, पानी के संरक्षण के साथ नागरिक कर्तव्य हेतु जागृत किया गया। कार्यक्रम के बीच में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम की प्रस्तुति की गई।

## भक्ति में शक्ति है तो कलियुग में भी भगवान का दर्शन होता है : अनिरुद्ध महाराज




**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज मुंशी राम प्रसाद की बगिया नारायण वाटिका मुट्ठीगंज में दिव्य अध्यात्म राष्ट्र सेवा मिशन एवं दिव्य श्री राधा सखी मंडल प्रयागराज के द्वारा आयोजित श्री भक्तमाल कथा के सप्तम दिवस पर कथा रस प्रवाहक डा अनिरुद्ध जी महाराज ने कहा कि भक्तो की भक्ति की शक्ति से भगवान का दर्शन इस कलियुग में भी प्राप्त होता है इस बात की सिद्धि श्री भक्तमाल कथा से मिलती है। इस अवसर मिशन के संरक्षक कुमार नारायण और विजय वैश्य विस्तारक रतन अग्रवाल ने कथा में आए पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह गौर एवं भाजपा निर्वतमान भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, पप्पू नीमी थरिया पूर्व पार्षद राम जी केसरवानी, एवं अन्य अतिथियों को सम्मानित किया और अतिथियों ने आरती किया कथा का संचालन प्रभारी राजेश केसरवानी ने किया और कहा कि राधा सखी मंडल के द्वारा मिशन के द्वारा एक गरीब लड़की को उसके विवाह के लिए सामग्री वितरित किया गया। कथा में मुख्य रूप सेअजय जायसवाल, किशन चंद्र जायसवाल, प्यारेलाल जायसवाल, शिवबाबू त्रिपाठी, रामलाल चौरसिया सुशील जैन, अभिलाष केसरवानी शत्रुघ्न जायसवाल, सिपाही लाल, महेन्द्र सक्सेना, साधना चतुर्वेदी, संतोष चौरसिया, ऊषा केसरवानी आदि रहे।

## सड़वा में दिनदहाड़े छिनैती, मजदूरी की कमाई लूटी, पुलिस की सुस्ती से बेखौफ अपराधी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कौधियारा थाना क्षेत्र के सड़वा गांव में सोमवार दोपहर हुई सरेआम छिनैती की घटना ने क्षेत्र की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मेहनत की कमाई लेकर बैंक जा रहे एक राजगीर से 25 हजार रुपये और मोबाइल छीनकर आरोपी बेखौफ फरार हो गया, जबकि पुलिस की भूमिका संदेह के घेरे में है।

बरुआ थाना बारा निवासी बडेलाल भारतीय पुत्र लालचंद पेशे से राजगीर हैं। सोमवार लगभग तीन बजे वह बारा के ठेकेदार संदीप से मिली मजदूरी की रकम 25 हजार रुपये कांटी स्थित बैंक में जमा करने जा रहे थे। रकम कांटी बैक में जमा करनी थी। बडेलाल के अनुसार जैसे ही वह कौधियारा थाना क्षेत्र में जेपी सीमेंट फैक्ट्री जाने वाली सड़क के पास पहुंचे, तभी कांटी थाना घूरपुर निवासी रंगलाल भारतीय का पुत्र सन्नी ने रास्ता रोक लिया। आरोप है कि आरोपी ने जबरन जेब से नकदी और मोबाइल छीन लिया और मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही पीआरवी 112 और घूरपुर थाने से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी के घर पर दबिश भी दी, लेकिन न तो छीनी गई रकम बरामद हो सकी और न ही आरोपी पकड़ा गया। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस की कार्रवाई औपचारिकता बनकर रह गई।

चौंकाने वाली बात यह है कि कौधियारा पुलिस ने घटना की जानकारी से ही इनकार कर दिया। थाना क्षेत्र में हुई दिनदहाड़े छिनैती से अनभिज्ञता जताना पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। इससे क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश और असुरक्षा का भाव गहराता जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो अपराधियों के हौसले और बुलंद होंगे। दिनदहाड़े मजदूर की कमाई लुट जाना इस बात का संकेत है कि अपराध नियंत्रण को लेकर प्रशासन को अब केवल बयान नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई करनी होगी।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ने देवर-भाभी को कुचला, हालत गंभीर





अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** पुरानी जीटी रोड स्थित नई झूंसी चौकी के पास सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ईंटों से लदे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक सवार देवर-भाभी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक ट्रैक्टर के नीचे फंस गई और पहिया दोनों के पैरों को कुचलते हुए निकल गया।

सरायइनायत थाना क्षेत्र के चँदोहा गांव निवासी महेंद्र कुमार (26) अपनी भाभी सुमन (24) को शहर से परीक्षा दिलाकर वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही वे नई झूंसी चौकी के पास पहुंचे, तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। पुलिस को ट्रैक्टर के नीचे फंसी बाइक को निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# मनरेगा कार्यों में शासन की गाइड लाइन के विपरीत जारी हुआ बीडीओ उरुवा का फरमान

## आक्रोशित प्रधानों और सचिवों ने फरमान के खिलाफ भरी हुंकार डीएम प्रयागराज से मुलाकात कर हटाने की किया मांग, दिया चेतावनी कहा बीडीओ श्रुति शर्मा को हटाया नहीं गया तो करेंगे आंदोलन

अखंड भारत संदेश




**मेजा।** विवादित कार्यों के चलते इन दिनों लगातार सुर्खियों में रहने वाली उरुवा ब्लाक की खंड बीडीओ श्रुति शर्मा एक बार फिर गंभीर आरोपों में घिर गई हैं। विकास खंड उरुवा के सचिवों और ग्राम प्रधानों से जांच के नाम पर अवैध वसूली के आरोपों के बीच अब मनरेगा कार्यों में शासन की गाइडलाइन के विपरीत आदेश जारी करने का मामला प्रकाश में आया है।

उल्लेखनीय है कि विकास खंड उरुवा में तैनात बीडीओ श्रुति शर्मा पर आरोप है कि 2 दिसंबर को एक आदेश जारी कर मनरेगा के अंतर्गत होने वाले सभी कार्यों में सामग्री की सप्लाई केवल दो फर्मों ओम श्री हनुमते इंटरप्राइजेज और पार्थ इंटरप्राइजेज से ही कराने का फरमान सचिवों और संबंधित प्रधानों को सुनाया है जबकि शासन की गाइडलाइन के अनुसार मनरेगा कार्यों में सामग्री आपूर्ति की प्रक्रिया पारदर्शी और प्रतिस्पर्धात्मक होने का आदेश है। गौरतलब है कि बीडीओ श्रुति शर्मा के इस आदेश के बाद ब्लाक में कार्यरत सचिवों और प्रधानों में हड़कंप मच गया है।

बताया गया कि बीडीओ श्रुति शर्मा का नाम पूर्व में भी कई जिलों के ब्लाकों में भ्रष्टाचार से जुड़ा रहा है। इतना ही नहीं बीडीओ पर यह भी आरोप है कि वे सचिवों और ग्राम प्रधानों से कथित तौर पर अवैध वसूली और उनके उत्पीड़न के कारण श्रुति शर्मा किसी भी ब्लॉक में अधिक समय तक नहीं टिक पातीं हैं। प्रतापगढ़ जनपद के कई विकास खंड इनके भ्रष्टाचार का उदाहरण है जहां प्रधानों के भारी विरोध व आंदोलनों के बाद उन्हें वहां से हटाया गया था और उन्हें सदर ब्लॉक प्रतापगढ़ से सीधे ग्राम विकास विभाग

लखनऊ से अटैच कर दिया गया था जिसके बाद उनकी तैनाती मांडा और उरुवा ब्लॉक में हुई। मांडा में भी भ्रष्टाचारी मैडम श्रुति शर्मा दो माह से अधिक नहीं रह सकीं और इन्हीं भ्रष्टाचार के विवादों के चलते उन्हें हटा दिया गया और चाका ब्लॉक की जिम्मेदारी सौंपी गई लेकिन चाका ब्लाक के प्रधानों के विरोध के कारण वहां कार्यभार नहीं संभाल सकीं। मजे की बात तो यह है कि उरुवा जैसे ब्लॉक जहां के लोग देश की राजनीति तय करते हैं उस ब्लाक में भी इनका भ्रष्टाचार चरम पर है। इनके लूटखसोट भ्रष्टाचार और उत्पीड़न से आजिज ग्राम प्रधानों का गुस्सा सातवें आसामान पर आ गया है जिसको लेकर प्रधानों ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर भ्रष्टाचारी बीडीओ श्रुति को तत्काल हटाने की मांग की और चेतावनी दी है कि यदि भ्रष्टाचार में संलिप्त बीडीओ उरुवा को हटाया नहीं गया तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## सामाजिक समरसता और वार्ड का विकास ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : राहुल मिश्रा

### कहा - सेवा संकल्प के साथ लडूंगा वार्ड नं.72 से जिला पंचायत का चुनाव,सबका साथ और सबका विकास है मूलमंत्र क्षेत्र के विकास का लक्ष्य लेकर जनता का लेने आऊंगा आशीर्वाद



**मेजा।** सेवा संकल्प के साथ अनारक्षित वार्ड से जिला पंचायत चुनाव लड़ाने की इच्छा के साथ आप सबका साथ और आशीर्वाद के लिए आपके बीच आऊंगा। मेरे इरादे आपको निराश नहीं करेंगे। सामाजिक समरसता और वार्ड का विकास ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

उक्त बातें भाजपा युवा मोर्चा के जिलामंत्री तथा वार्ड न.72 के भावी जिला पंचायत प्रत्याशी के प्रबल दावेदार राहुल मिश्रा ने एक औपचारिक मुलाकात में प्रेस वार्ता के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि विकास खंड उरुवा के वार्ड 72 से जिला पंचायत चुनाव लड़ने का संकेत दिया है। गौरतलब है कि समहन गांव निवासी तथा भाजपा युवा मोर्चा के जिलामंत्री युवा नेता राहुल मिश्र ने कहा कि हम जातीय राजनीति को नहीं मानते हैं। सबका साथ और सबका विकास ही उनका मूलमंत्र है। उनका मानना है कि क्षेत्र के विकास का लक्ष्य लेकर जनता का आशीर्वाद लेने जिला पंचायत चुनाव मैदान में उतरूंगा। उन्होंने आम जनता के बीच स्वयं के संबंधों पर अटूट विश्वास जताया हुए कहा कि क्षेत्र के लोग मुझे आशीर्वाद अवश्य देंगे। उन्होंने संबंधों के आधार पर आम जनता को कंधा से कंधा मिलाकर साथ चलने की बात जोरदारी से कहीं। उन्होंने कहा कि यदि उक्त वार्ड अनारक्षित रहा तो क्षेत्र के जनता की सेवा और विकास के संकल्प को लेकर जिला पंचायत चुनावी रणभूमि में जनता का आशीर्वाद लेने जरूर आऊंगा।

## झूंसी में नशे के सौदागरों पर पुलिस का बड़ा प्रहार

**17 लाख की स्मैक के साथ तीन गिरफ्तार**




**झूंसी।** पुलिस और नारकोटिक्स की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर सोमवार को गंगा कछार के पास से तीन शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 17 लाख रुपये कीमत की 42 पुड़िया स्मैक बरामद की गई है।

थाना प्रभारी झूंसी महेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान शुभम निषाद उर्फ दत्ता कलवारी टोला, कंधई निषाद काशीराम आवास योजन और अजय केसरवानी गोलाबाजार के रूप में हुई है। इन तीनों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है और इन पर पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं। क्षेत्र में नशे के बढ़ते कारोबार से जहाँ एक ओर अपराधी फल-फूल रहे थे, वहीं युवा पीढ़ी तेजी से इसकी लत का शिकार हो रही थी। उल्लेखनीय है कि पिछले एक महीने के भीतर झूंसी पुलिस अब तक कुल 30 लाख रुपये की स्मैक जब्त कर चुकी है। इस सफल ऑपरेशन में चौकी इंचार्ज हरिशंकर मिश्रा और नारकोटिक्स प्रभारी सुरेश गिरी की अहम भूमिका रही।

## बीआरसी मेजा में दिव्यांग बच्चों की पांच दिवसीय समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ



**मेजा।** समावेशी शिक्षा के अंतर्गत बीआरसी मेजा में दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने को लेकर खण्ड शिक्षाधिकारी कैलाश सिंह के मार्गदर्शन में सोमवार को पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण की शुरूआत हुई। संदर्भदाता अजीत मिश्र व वीरेन्द्र कुमार पाल के द्वारा प्रशिक्षण में समावेशी कक्षाओं में विविधताएं, समतापूर्ण और समांवेशी शिक्षा को समझना दिव्यांग बच्चो से संबंधित अधिनियम नीतियां एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र के बारे में चर्चा की गई। प्रशिक्षण कुल 74 सहायक अध्यापकों का 50 और 24 का दो बैच में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में हनुमान, रवि प्रकाश, बैकुंठ गिरी, संदीप गुप्ता, मांडवी द्विवेदी, दीपिका कौशल तथा डॉली सिंह सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

## थरवई में हुई चोरी के मामले में पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा मामले की जाँच पड़ताल में जुटे रहे

**मौके पर पहुंचे डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत व एसीपी थरवई अरुण पाराशर**



**थरवई।** थरवई में हुई बड़ी चोरी के मामले जिसका पुलिस ने लिया संज्ञान और मामले की जाँच पड़ताल में जुटे रहे। सोमावर को मामले को संज्ञान में लेते हुए डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत, एसीपी थरवई अरुण पाराशर एवं एस ओ जी की संयुक्त टीमें पहुंचकर मामले की हर एंगल से जाँच पड़ताल करते हुए जाँच में जुटे रहे।

# सिविल डिफेंस के प्रशिक्षित एवं दक्ष स्वयंसेवक हर परिस्थिति में निस्वार्थ भाव के साथ काम करते हुए लोगो की करेंगे सहायता

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** अपर पुलिस आयुक्त( मुख्यालय) एन कोलांची तथा माननीय महापौर गणेश प्रसाद केसरवानी तथा अपर जिलाधिकारी (नगर ) सत्यम मिश्रा ने प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण द्वारा किया सिविल डिफेंस सात दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का समापन ,सिविल डिफेंस प्रयागराज के कुल 360 प्रतिभागी सदस्य स्वयंसेवकों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जिनको संबंधित अतिथि गण द्वारा प्रशिक्षण फोटोग्राफ, प्रमाण पत्र तथा ट्रेंनिंग माड्यूल बैग देकर उत्साह वर्धन किया गया ,प्रथम सत्र का शुभारंभ नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसमें प्रति दिवस की भांति इतनी शक्ति हमें देना दाता एवं वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत द्वारा सत्र का प्रारंभ किया गया इसके पश्चात नगर मजिस्ट्रेट द्वारा जीवन की राह विषय पर स्वयंसेवकों को विभिन्न सामाजिक दायित्वों का बोध कराया गया तथा एक लघु फिल्म के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं जीव संरक्षण का संदेश दिया गया द्वितीय सत्र में महापौर द्वारा अपने उद्बोधन में सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की गई तथा आयोजित प्रशिक्षण सत्र के महत्व के बारे में कहा कि आप सभी समाज के पथ प्रदर्शक हैं आगामी माघ मेला में महाकुंभ की भांति आप भरपूर सहयोग करेंगे यह प्रशिक्षण आपके सामाजिक जीवन उत्थान के लिए अत्यंत आवश्यक है आप एक कुशल पथ प्रदर्शक होंगे अपर पुलिस आयुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक मुख्यालय एन कोलांची द्वारा प्रशिक्षण सत्र में अपने उद्बोधन में कहा गया कि 360 प्रशिक्षित सदस्य अपने साथ 5 व्यक्तियों को जोड़ें तो यह संख्या हजारों में हो जाएगी और आपके द्वारा एकत्र की गई इंटेलिजेंस ,भीड़ नियंत्रण तथा भीड़ के मार्गदर्शन एवं उनके जन सहयोग के लिए यह प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण होगा जिनके द्वारा वरिष्ठ सदस्यों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किया गया इसके उपरांत अपर जिलाधिकारी (नगर) सत्यम मिश्रा द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि सिविल डिफेंस का सात दिवसीय प्रशिक्षण पहले दिन और समापन सत्र में निश्चित रूप से आपके क्षमता निर्माण एवं चरित्र निर्माण में सहयोगी सिद्ध होगा जिसका प्रत्यक्ष लाभ समाज को मिलेगा जिनके द्वारा परीक्षा एवं फीडबैक के उपरांत समस्त शेष प्रतिभागियों को ट्रेंनिंग माड्यूल एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किया गया अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह, शाल देकर चीफ वार्डन अनिल कुमार द्वारा स्वागत किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन डिप्टी चीफ वार्डन संजीव कुमार बाजपेई तथा वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक राकेश कुमार तिवारी ने किया कार्यक्रम का संचालन उप नियंत्रक नीरज मिश्रा एवं रौनक गुप्ता डिविजनल वार्डन (नगर)ने किया प्रशिक्षण सत्र के समापन के अवसर पर अपर जिलाधिकारी (नगर) द्वारा उप नियंत्रक एवं वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक तथा चीफ वार्डन को स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्रशिक्षण सत्र के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में सर्वश्री एन कोलांची, अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) महापौर गणेश प्रसाद केसरवानी अपर जिलाधिकारी( नगर) सत्यम मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा नीरज मिश्रा , चीफ वार्डन अनिल कुमार, डिप्टी चीफ वार्डन संजीव कुमार, वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक राकेश कुमार तिवारी, डिवीजनल वार्डन( नगर) रौनक गुप्ता सहित विभिन्न प्रखंडों के सहायक एवं वरिष्ठ सदस्य तथा 360 प्रतिभागी सदस्य स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया।

# जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार में औषधि वाटिका स्थल का किया शुभारम्भ

## जनपद न्यायाधीश, डीएम, एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायाधीश राजीव कमल पाण्डेय, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कुमुद उपाध्याय द्वारा जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार में बंदियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, भोजन एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर जिला कारागार परिसर में ह्यह्यऔषधि वाटिका स्थलहहह का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश द्वारा फीता काटकर व शीलापट्ट का अनावरण कर किया गया। इस दौरान जनपद न्यायाधीश व जिलाधिकारी द्वारा औषधि वाटिका स्थल पर औषधि पौध का पौधरोपण किया गया। इस दौरान जिला कारागार में सीसीटीव कक्ष का निरीक्षण किया गया जिसमें जिला कारागार के बैरकों की मानीटरिंग की गयी। पाकशाला के निरीक्षण में भोजन की गुणवत्ता को देखा गया जो ठीक पाया गया। कारागार में स्थापित आंवला प्रसंस्करण केन्द्र का निरीक्षण किया गया जिसमें बंदियों द्वारा निर्मित आंवला उत्पाद, आंवला जूस, आंवला अचार, आंवला मुरब्बा, आंवला बर्फी इत्यादि का अवलोकन किया गया। आंवला प्रसंस्करण केंद्र उत्तर प्रदेश शासन की ओ डी ओ पी योजना की तर्ज पर कारागार विभाग की वन जेल वन प्रोडक्ट योजना के अंतर्गत स्थापित किया गया है। बैंरकों का निरीक्षण कर बन्दियों से जानकारी ली कि सभी व्यवस्थायें जिला कारागार में मिल रही है कि नही तो बन्दियों द्वारा बताया गया कि सभी व्यवस्थायें बराबर मिल रही। जिला कारागार में बने अस्पताल के निरीक्षण में 13 मरीज भर्ती थे जिनके स्वास्थ्य, दवाओं व भोजन की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तो भर्ती मरीजों द्वारा बताया गया कि दवा, भोजन आदि की सुविधायें समय से मिल रही है।

### केक का पैसा मांगने पर दिव्यांग को पीटा

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के पट्टी कस्बा चैक स्थित एक दुकान पर केक का पैसा मांगने पर युवक ने दिव्यांग की पिटाई कर दी। पीड़ित के पिता ने आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कस्बा चैक निवासी मोहम्मद मुस्तफा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते रविवार की शाम करीब 7 बजे उनका पुत्र मोहम्मद कैफ, जो लगभग 80 प्रतिशत विकलांग है, रोजी-रोटी के लिए कस्बे में अपनी छोटी सी दुकान पर मौजूद था। इसी दौरान चिकपट्टी मोहल्ला निवासी एक युवक दुकान पर पहुंचा और केक देने की बात कही।केक देने के बाद जब मोहम्मद कैफ ने उससे केक का पैसा मांगा तो युवक अचानक गुस्से में आ गया और अपशब्द कहते हुए बोला कि तुम मुझसे पैसे मांगोगे। इसके बाद आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए दिव्यांग युवक को लात-घूंसों से पीट दिया। पीड़ित के पिता मोहम्मद मुस्तफा ने सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे पट्टी कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी और सख्त कार्रवाई की मांग की।पीड़ित परिवार का कहना है कि विकलांग होने के बावजूद उनका बेटा मेहनत-मजदूरी कर जीवन यापन कर रहा है, लेकिन इस तरह की घटना से वह मानसिक रूप से भी आहत हुआ है।फिलहाल पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुटी है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की सम्पन्न हुई। बैठक में प्रभागीय निदेशक जगदम्बिका प्रसादध्पर्यावरण सदस्य सचिव एवं समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहें। बैठक में अगामी वृक्षारोपण 2026 हेतु प्रभागीय निदेशक द्वारा वृक्षारोपण तैयारी हेतु अवगत कराया गया जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त विभागों से स्थल चयनध्अग्रिम मृदा कार्य की सूचना 04 कार्य दिवस के अन्दर प्रभागीय कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिला गंगा समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी को प्रभागीय निदेशक द्वारा अवगत कराया गया की जिला गंगा प्लान बनाने हेतु समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिकाध्नगर पंचायत, अधिशाषी अभियंता सिंचाई विभाग, कृषि विभाग, अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीणध्शहरी, जिला उद्योग अधिकारी, पशु चिकित्सा एवं क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रायबरेली. से सहयोग अपेक्षित है।

## न्यूज झरोखा

### अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम के संघर्ष को मजबूती पर दिया गया जोर



**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर प्रदेशव्यापी चलाए जा रहे आंदोलन को लेकर सोमवार को लालगंज तहसील परिसर में वकीलो ने आवाज बुलन्द की। वहीं आंदोलन की अगुवाई को लेकर यूपी बार काउन्सिल के चुनाव में तहसील के अधिवक्ताओ ने अनिल कुमार तिवारी महेश के चुनावी अभियान को लेकर एकजुटता का भी प्रदर्शन किया। वकीलों ने ऑल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा महासचिव एवं प्रत्याशी बार काउन्सिल अनिल कुमार तिवारी महेश के नेतृत्व में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर तहसील कैम्पस में जमकर नारेबाजी भी की। अधिवक्ताओं ने कहा कि पूरे प्रदेश में संसद से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम पारित कराए जाने को लेकर जारी संघर्ष को देखते हुए सरकार फौरन यह अधिनियम पारित कराये। कार्यक्रम का संयोजन संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज कुमार पाण्डेय व उपाध्यक्ष आशीष तिवारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने किया। इस मौके पर तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ युवा अधिवक्ताओं में भी जोश व उत्साह का माहौल दिखा।

### स्वेटर पाकरखिले छात्रों के चेहरे



**बेलखरनाथ धाम।** ठंड के मौसम में कॉलेज के छात्राओं को स्वेटर मिलने पर उनके चेहरे खिल गए। इस दौरान सैकड़ो छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम के अंतर्गत ठाकुर श्याम सुंदर सिंह इंटर कॉलेज गजरिया में समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता प्रवीण कुमार मुन्ना सिंह ने सोमवार को विद्यालय के लगभग दो सौ छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों व पत्रकारों को भी शाल,डायरी व पेन देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष रंजन त्रिपाठी हाई कोर्ट के अधिवक्ता देव मणि मिश्रा हैप्पी प्रिंसिपल प्रियंका तिवारी, सुरेश कुमार सरोज मोहम्मद हद्दीश सहित आदि लोग मौजूद रहे। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक जयप्रकाश सिंह साधू ने आए हुए अतिथियों आभार जताते हुए समाजसेवी और भाजपा कार्यकर्ता मुन्ना सिंह के प्रति भी आभार जताया।

### दुर्घटना में मृतक व्यापारी की पत्नी को बैंक ने दिया दो लाख का चेक



**प्रतापगढ़।** दुर्घटना में व्यवसायी की आकस्मिक मौत को लेकर सांगीपुर एसबीआई द्वारा सोमवार को मृतक की पत्नी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत सहायता राशि का चेक प्रदान किया। सांगीपुर बाजार के व्यवसायी अशोक कुमार मोदनवाल 52 की हाल ही में दुकान में करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी थी। मृतक व्यवसायी के दो बच्चों की पढ़ाई जारी है। बैंक शाखा प्रबंधक गौरव ओझा ने जिपंस प्रतिनिधि अशोकधर द्विवेदी के साथ शाखा मुख्यालय पर मृतक की पत्नी कलावती को दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत चेक मिलने से प्रभावित परिवार के चेहरे पर राहत देखी गयी। शाखा प्रबंधक गौरव ओझा ने बताया कि बैंक में खाताधारक को आकस्मिक स्थिति में इस योजना के तहत मिलने वाली सहायता को लेकर जागरूकता बढ़ायी जानी चाहिए। इस मौके पर फील्ड आफिसर विनय कुमार, अरविन्द कुमार, मीरा बिष्ट, राजकुमार यादव, बबन पाण्डेय, अनिल अग्रहरि, शंकर मोदनवाल, रामशरण गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की टीम ने पेयजल योजना का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय जल जीवन मिशन द्वारा दिये गये निदेशों के क्रम में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की टीम द्वारा जनपद के विकास खण्ड कालाकांकर की परियावां पेयजल योजना के रेट्रोफिटिंग सम्बन्धित कार्यों एवं जलापूर्ति का सत्यापन इं. आर.के. हरदहा वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार एस0डब्ल्यू0एस0एम0 लखनऊ एवं इं. आयुष सिंह सहायक अभियन्ता एस0डब्ल्यू0एस0एम0, लखनऊ द्वारा किया गया। सत्यापन के दौरान राजस्व ग्राम परियावां एवं इसके अन्य मजरे क्रमशः बीबी का पुरवा, चन्देल का पुरवा, धनउ का पुरवा, ईदगाह, गड़ेरियन, कंधई का पुरवा, लाला का पुरवा, मोह ऊचे, मोहतरिमगंज, पम्पापुर, परियावां, पूरे भिटारी, पायकेगंज बाजार, शेख का पुरवा, टकिया एवं तुलसी का पुरवा इत्यादि में ग्रामवासियों द्वारा अवगत कराया गया कि पेयजल योजना से जलापूर्ति नियमित रूप से की जाती है तथा मजरा बीबी का पुरवा मजरे के कुछ स्थानों में नाली निर्माण के समय पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित है, जिसे ठीक कराये जाने हेतु फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया। साथ ही ग्रामवासियों को पेयजल सप्लाई सुचारू रूप से प्रदान करने तथा किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल निस्तारित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान इं. तौसीफ अहमद अधिशासी अभियन्ता, इं. विपिन कुमार वर्मा सहायक अभियन्ता, इं. सुरजीत मिश्रा जूनियर इंजीनियर, इं. मो0 असद जूनियर इंजीनियर, फर्म के प्रतिनिधि आलोक दूबे एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# न्याय की लड़ाई लड़ने के साथ राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका हो सार्थक : प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**



**लालगंज।** वर्मा नगर स्थित यमुना प्रसाद यादव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को भारत की युवा शक्ति को लेकर परिसंवाद का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने विद्यालय के संस्थापक यमुना प्रसाद यादव के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। छात्रा शालिनी, रोशनी, शिवानी, शालू, पलक, अनन्या, आस्था ने मनमोहक स्वागत गान तथा मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत किया। बतौर मुख्य अतिथि सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि देश की युवा शक्ति आज पूरी दुनिया में भारतीय सफलताओं का कीर्तिमान गढ़ रही है। उन्होने कहा कि युवाओं को न्याय के लिए लडाई लड़ने की कडी चुनौती को भी स्वीकार करना होगा। उन्होने कहा कि युवा शक्ति में क्षमता है कि वह व्यक्ति के मौलिक अधिकार की रक्षा के साथ राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में अपनी सार्थकता सिद्ध करे। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि वर्तमान परिवेश में पढ़े लिखे नौजवान के सामने सबसे बडी चुनौती सरकारी क्षेत्र मे नौकरियों का रोज घटना है। उन्होने कहा कि ऐसे मे युवाओं को स्वउद्यम के क्षेत्र मे भी अभिरूचि बढ़ानी चाहिए। कार्यक्रम में सांसद प्रमोद तिवारी ने विधायक मोना की ओर से सरयू समाज कल्याण संस्थान द्वारा संचालित मेधावी प्रोत्साहन योजना के तहत छात्र छात्राओं की हौंसला आफजाई भी की। उन्होने विद्यालय के कक्षा ग्यारह के छात्र लालू प्रसाद यादव तथा छात्रा पलक गुप्ता को संस्थान की ओर से लैपटाप प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी विशिष्ट अतिथि रहे। अध्यक्षता संस्थापक यमुना प्रसाद यादव तथा संचालन साहित्यकार एवं शिक्षक लवलेश यदुवंशी ने किया। विद्यालय के निदेशक अभिषेक यादव ने स्वागत तथा प्रधानाचार्य पारसनाथ वर्मा ने आभार प्रदर्शन किया। इसके बाद सांसद प्रमोद तिवारी ने लालगंज कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं की बैठक में भी शामिल हुए। यहां उन्होने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना को समाप्त करके गांधीवादी विचारधारा पर हमलावर हुई है। उन्होने कहा कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाकर केन्द्र की भाजपा सरकार ने उन्हें अपमानित किया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि यदि सरकार कफ सीरप का काला धंधा करने वालों पर पैनी नजर रखती और उनके खिलाफ समय रहते कडी कार्रवाई करती तो शायद देश के सैकडों नौनिहालों को इस जहरीले सीरप का शिकार होने से बचाया जा सकता था। इसके बाद सांसद प्रमोद तिवारी ने बाबा घुइसरनाथ धाम में मत्था टेका। उन्होने रेहुआ लालगंज के पूरे मना में अधिवक्ता शैलेन्द्र सिंह बघेल की मां सुशीला देवी के आकस्मिक निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना भी प्रकट की। इस मौके पर सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, केडी मिश्र, दृगपाल यादव, रामकृपाल पासी, महेन्द्र सिंह, राजू मिश्र, छोटे लाल सरोज, मुरलीधर तिवारी, भारत यादव, पप्पू तिवारी, इं. सुनील पाण्डेय, अभिनव शुक्ल, अतुल शुक्ला, त्रिभु तिवारी, रोहित सिंह, शत्रुघ्न शुक्ल, श्यामा देवी, राजू यादव, राजेन्द्र यादव, ज्ञानप्रकाश वर्मा, संतोष दुबे, भागीरथी यादव आदि रहे।

# दुष्कर्म के आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर बंद रहे प्रतिष्ठान

## सीओ के आश्वासन पर माने दुकानदार, कई थानों की फोर्स के साथ मौजूद रहीं पीएसी

**अखंड भारत संदेश**





**बेलखरनाथ धाम।** दुष्कर्म के आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर व्यापारियों में जबरदस्त आक्रोश रहा। जिसके चलते दुकानदारों ने दो घंटे तक अपनी प्रतिष्ठाने बंद करके मुख्य चैराहे पर आरोपित की गिरफ्तारी की मांग करने लगे।सूचना पर पहुंचे पट्टी सीओ के आश्वासन पर व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों को दो घंटे बाद खोला।इस दौरान कई थानों की फोर्स के साथ ही पीएसी के जवान मौजूद रहे।पट्टी कोतवाली क्षेत्र के उडैयाडीह बाजार में शनिवार शाम चाट की दुकान चलाने वाले एक युवक की 9 वर्षीय मासूम बेटी के साथ गैर समुदाय का एक युवक दुष्कर्म का प्रयास किया।इस मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर बाजार निवासी वारिस के बेटे जावेद उर्फ चांद बाबू के विरुद्ध दुष्कर्म व पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें बनाई। लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिल सकी। आरोपित की गिरफ्तारी न होने पर नाराज दुकानदारों ने सोमवार की दोपहर अपनी प्रतिष्ठानों को बंद कर उडैयाडीह बाजार के मुख्य चैराहे पर पहुंचकर विरोध जताते हुए आरोपित की गिरफ्तारी की मांग करने लगे।सूचना पर पहुंचे पट्टी सीओ मनोज रघुवंशी ने आक्रोशित व्यापारियों को शांत करते हुए कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगी हुई है। जल्द ही गिरफ्तार हो जाएगा।कुछ व्यापारियों ने आरोपित के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग की इस पर सीओ पट्टी ने कहा कि आरोपित के विरुद्ध सभी कार्यवाही की जाएगी।उनके आश्वासन के बाद आक्रोशित व्यापारियों ने अपनी प्रतिष्ठानों को दो घंटे बाद खोल दिया।इस दौरान पट्टी इंस्पेक्टर अभिषेक सिरोही दिलीपपुर थाना प्रभारी बलराम व कंधई पुलिस के साथ ही एक्यूआरटी पुलिस व पीएसी के जवान मौजूद रहे।

### दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के दो आरोपी गिरफ्तार

**पट्टी।** दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के गंभीर मामले थाना पट्टी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह सिरोही के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर यह गिरफ्तारी की गई।पुलिस ने थाना पट्टी क्षेत्र अंतर्गत आमापुर मोड़ के पास से दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार अभियुक्तों में इरशाद पुत्र नूर हसन, निवासी ग्राम सैफाबाद, थाना आसपुर देवसरा, शकील अहमद पुत्र मोहम्मद इदरीश, निवासी ग्राम अजीत नगर है।

### सभी सनातनी एकजुट होकर धर्म को सशक्त बनाए : प्रेम प्रकाश

**कुंडा।** कमासिन स्थित मां कामाक्षी धाम पर हिंदू सम्मेलन आयाजित किया गया। जिसमें सनातन धर्म, सामाजिक समरसता, राष्ट्र सुरक्षा और कुटुंब प्रबोधन जैसे विषयों पर विचार रखे गए। कार्यक्रम की शुरूआत मातृभूमि नमः, भारत माता की जयह्व के उद्घोष के साथ हुई। मुख्य वक्ता प्रेम प्रकाश पांडेय त्यागी ने कहा कि सनातन धर्म एक वटवृक्ष है, अमर है, कभी गिरता नहीं, समय के साथ उसमें नई शाखाएँ निकलती रहती हैं। उन्होंने सभी सनातनियों से एकजुट होकर धर्म को सशक्त बनाए रखने का आह्वान किया। जिला कार्यवाहक अजेय ने कहा कि आज हिंदू समाज चारों दिशाओं से चुनौतियों से घिरा है। इतिहास से सीख लेकर ही सुरक्षित भविष्य का निर्माण संभव है। उन्होंने जोर दिया कि सनातनी समाज को जाति-मत के भेद से ऊपर उठकर एक साथ चलना होगा, क्योंकि हमला किसी एक वर्ग पर नहीं, पूरे हिंदू समाज पर होता है।संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित इस सम्मेलन में संघ की निरंतर वैचारिक यात्रा, सेवा कार्यों और विभिन्न क्षेत्रों में गठित इकाइयों पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि बिना वैचारिक विचलन के सौ वर्षों की यात्रा संघ की मजबूती का प्रमाण है। कार्यक्रम का संचालन गिरीश कुमार पांडेय ने किया।इस दौरान अमन अग्रहरि,आशीष सिंह प्रिंस,आनंद शुक्ला,बद्री तिवारी,विवेक तिवारी,ललित तिवारी,धीरज मिश्रा,विकास तिवारी सहित बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग मौजूद रहे।

# सनातन संस्कृति को बचाने का जारी रखना होगा प्रयास : ओमपाल

## माधव बस्ती में आयोजित हुआ सकल समाज द्वारा हिन्दू सम्मेलन

**अखंड भारत संदेश**




**प्रतापगढ़।** सकल हिंदू समाज के द्वारा नगर स्थित माधव बस्ती के प्रभावती पैलेस में रविवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता संयुक्त क्षेत्र पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के कुटुंब प्रबोधन संयोजक ओमपाल ने कहा कि हिंदू राष्ट्र की आत्मा है। उन्होंने कहा कि हमें जातियों में विखंडित ना होकर एकजुट रहना होगा और सनातन संस्कृति को बचाने के लिए अपना निरंतर प्रयास जारी रखना होगा।विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर अंजलि सखी ने कहा कि हमें हिंदू होने का गर्व है,हिंदू जाति पर आघात करने वाले लोग समाज को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं इसलिए हमें एकजुट होना आवश्यक है। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सच्चा बाबा आश्रम के महंथ मनोज ब्रह्मचारी ने कहा कि सनातन धर्म हिंदू धर्म का मूल है।उन्होंने कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य ने चार मठों की स्थापना करके सनातन धर्म को चारों दिशाओं में स्थापित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के कुटुंब प्रबोधन प्रमुख अशोक उपाध्याय, विभाग संचालक रमेश त्रिपाठी, विभाग कार्यवाह हरीश कुमार, प्रांत घुमंतू कार्य संयोजक शशिभाल त्रिपाठी, जिला कार्यवाह, हेमंत मिश्रा, जिला प्रचार प्रमुख अंकुर श्रीवास्तव, जीसी राजस्व राघवेंद्र प्रताप सिंह, नगर कार्यवाह अंकित श्रीवास्तव, सह जिला सेवा प्रमुख राजेश जायसवाल, तीर्थराज तिवारी, दुर्गेश सिंह, रामेंद्र कुमार, अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष मनोज सिंह, रनंजय, सिंह, दिनेश जायसवाल, अशोक राय, दिवाकर सिंह एडवोकेट, डॉक्टर अरविंद सिंह, ओमप्रकाश, जीत लाल, दीपक कुमार सभासद, अनूप सिंह, सुरेंद्र पांडे, शांति यादव, रिंकी पांडेय, श्याम किशोर जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद सरोज व संचालन मनोज सिंह ने किया।

# फाइनल मुकाबले में सोहेल इलेवन को हराकर राहुल इलेवन बनी विजेता



**पट्टी।** नवयुवक क्रिकेट प्रतियोगिता दोहरी में खेले गए दो सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों के बाद प्रतियोगिता का रोमांचक समापन हुआ। फाइनल मुकाबले का उद्घाटन सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच सत्यम 11 जनवामऊ और सोहेल 11 धमार्पुर के बीच खेला गया। इस मैच में सोहेल 11 धमार्पुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सचिन पिल्ला के 16 गेंदों में ताबड़तोड़ 46 रनों की बदौलत निर्धारित 7 ओवरों में 94 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सत्यम 11 जनवामऊ की टीम 5 विकेट खोकर मात्र 77 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। इस जीत के साथ सोहेल 11 ने फाइनल में प्रवेश किया।दूसरा सेमीफाइनल मैच संतोष कम्प्यूटर्स राहुल 11 पट्टी और महादेव 11 के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए संतोष कम्प्यूटर्स राहुल 11 ने बलराम पाण्डेय के 36 रन और रिंकू यादव के 38 रनों की मदद से 7 ओवरों में 133 रन बनाए। जवाब में महादेव 11 की टीम 7 ओवरों में 5 विकेट खोकर 112 रन ही बना सकी। इस तरह संतोष कम्प्यूटर्स राहुल 11 ने यह मैच 21 रनों से जीतकर फाइनल में जगह बनाई।फाइनल मुकाबला संतोष कम्प्यूटर्स राहुल 11 पट्टी और सोहेल 11 धमार्पुर (नोमान कंपनी) के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सोहेल 11 धमार्पुर की टीम ने नोमान शेख के शानदार 63 रनों की बदौलत 7 ओवरों में 3 विकेट खोकर 111 रन बनाए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी संतोष कम्प्यूटर्स राहुल 11 पट्टी की टीम ने अरविन्द के 31 रन, शाहबाज मैक्सी के 40 रन और प्रदीप यादव के 22 रनों की मदद से बेहद रोमांचक मुकाबले में 7 ओवरों में 112 रन बनाकर फाइनल जीत लिया और प्रतियोगिता की विजेता बनी।

मैच में अंपायरिंग रमेश और अतीक ने की, जबकि कमेंट्री की भूमिका में अश्विनी और रवि रहे। आयोजन में समिति के संतोष, मंजूर, संदीप, राधेश्याम वर्मा, संजय सिंह सहित सनी जायसवाल, प्रियांशू, मोनू सोनी, आदित्य, अजय, रवीन्द्र मिश्रा, संतोष जायसवाल समेत हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# दहेज उत्पीड़न को लेकर पति समेत ससुरालीजनों पर केस

**लालगंज।** दहेज उत्पीड़न को लेकर पुलिस ने पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे केवल असरही गांव की आशिया बानो पत्नी मो0 शाहरूख के अनुसार उसका विवाह सात जून 2020 को हुआ। पीड़िता का आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर पति शाहरूख खां, देवर मो0 सलमान, सास नजीशुलनिशा, ससुर रऊफ, ननद रियाशुलनिशा, जेठानी अफसरुननिशा विवाह के कुछ समय बाद से ही प्रताड़ित करने लगे। पति दहेज की मांग पूरी न होने पर दूसरा विवाह करने की धमकी देते हैं। बीती इक्कीस दिसंबर को सुबह आरोपियों ने पीड़िता को गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद पति समेत चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# रोमांचक मुकाबले में दिलजले इलेवन ने दर्ज की जीत

## टीपीएल त्रिकोणीय श्रृंखला में ओम इलेवन को किया पराजित

**अखंड भारत संदेश**



**कुंडा।** क्षेत्र के तिवारीपुर महमदपुर गांव में आयोजित टीपीएल त्रिकोणी क्रिकेट श्रृंखला का फाइनल मुकाबला रविवार को दिलजले और ओम 11 के बीच खेला गया। फाइनल मैच में ओम इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में दिलजले टीम के सामने 99 रनों का लक्ष्य रखा।लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिलजले टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया और टीपीएल त्रिकोणी क्रिकेट श्रृंखला की विजेता बनी। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विपिन सरोज को मैन ऑफ द मैच चुना गया, जबकि पूरे टूनामेंट में बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन करने वाले रितेश उर्फ विराट तिवारी को मैन ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया।मैच के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में क्षेत्र के कई सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान रामसूरत तिवारी, राम प्रकाश उर्फ ननकऊ तिवारी, राजमणि तिवारी, लालजी दुबे, राकेश तिवारी, कमला कांत पाण्डेय, मुन्ना शुक्ला, बंधु तिवारी, पुष्पेंद्र तिवारी, राजकुमार तिवारी, ननके पांडेय, अवधेश चंद्र पांडेय पत्रकार, रवि शर्मा, प्रेम यादव, मनोज पटेल, पवन यादव, दारा यादव, डॉ. सूर्यचंद्र यादव सहित गांव के तमाम लोग मौजूद रहे।

# रंजिश को लेकर हुई मारपीट में दो पर केस

**लालगंज।** पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे रामचन्द्र जसमेढ़ा गांव की विटना देवी पत्नी रामनरेश रजक ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्नीस दिसंबर की शाम करीब साढ़े सात बजे वह अपने दरवाजे पर बैठी थी। आरोप है कि इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर गांव के सुरेश व मनोज पुत्रगण बदलू रजक एकराय होकर उसके दरवाजे पर पहुंचे और गाली देने लगे। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियो ने उसे मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# रात्रि में सभी प्रसव केन्द्र रहें क्रियाशील : डीएम

## जिलाधिकारी ने किया जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**




**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने उदयन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि विशेष ध्यान देते हुए गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को सभी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए आशाओं के साथ नियमित रूप से बैठक कर उनके कार्यों की समीक्षा के साथ ही आशाओ के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को जागरूक किया जाए कि वे नियमित चेक-अप करायें एवं आयरन फोलिक एसिड टेबलेट भी खाएं। उन्हांने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से एच.आर.पी. महिलाओं की संख्या की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि एच.आर.पी. महिलाओं पर विशेष ध्यान देते हुए नियमित जॉच के साथ ही आशाओं को सक्रिय रखा जाय एवं प्रसव की ड्यूडेट के अनुसार पहले से ही आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करा लिया जाय एच.आर.पी. का कारण क्या है, इसका भी रिकार्ड रखा जाय। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कड़ा एवं सिराथू को नॉट रिपोर्टेड प्रसव पर ध्यान देते हुए सुधार लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने एस.एन.सी.यू. की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि समिति बनाकर एस.एन.सी.यू. के समुचित तरीके से क्रियाशीलता के दृष्टिगत चेकलिस्ट के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कर लिया जाय। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी एवं सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि सभी प्रसव केन्द्रों पर न्यूबार्न बेबी के उपचार से सम्बन्धित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लिया जाय। सभी प्रसव केन्द्र रात्रि में क्रियाशील रहें एवं सभी में जॉच भी क्रियाशील रहें व चिकित्सक उपस्थित रहें। उन्होंने बाल मृत्युदर की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि बाल मृत्यु के कारणों का अध्ययन कर एस.ओ.पी. तैयार किया जाय, ताकि इसे न्यूनतम/रोका जा सकें। उन्हांने सैम एवं मैम बच्चां को चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराने एवं आभा आई.डी. व एन.सी.डी. स्क्रीनिंग में और प्रगति लाने के निर्देश दिए।

डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि सी.एच.ओ के कार्यों की नियमित समीक्षा की जाय तथा ठीक प्रकार से कार्य न करने वालों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही किया जाय। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को एम्बुलेन्स सेवा को और बेहतर करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार एवं सी.एम.एस. डॉ. सुनील कुमार शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पिपरी पुलिस ने मोबाइल छिनैती की घटना का किया खुलासा

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र में मोबाइल छिनैती की सूचना के आधार पर अलग-अलग तिथियों में 04 अभियोग पंजीकृत हुए घटनाओं के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा टीमों का गठन कर निर्देश दिये गये थे । गठित टीमों द्वारा उपरोक्त घटनाओं के अनावरण हेतु साक्ष्य संकलन,सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल सर्विलांस के माध्यम से लगातार अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी ।

इसी क्रम में 22-12-2025 को थाना पिपरी पुलिस द्वारा तिल्हापुर मोड़ के पास चेकिंग की जा रही थी, इसी दौरान मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि लूट छिनैती की घटना करने वाले तीन व्यक्ति पावर हाउस बलहेपुर के पीछे खड़े है । इस सूचना पर पुलिस टीम ने घेरा बन्दी करते हुये पावर हाउस के पास पहुंचे तो अभियुक्तगण पुलिस को देखकर भागने लगे जिनमें से 02 व्यक्तियों को पुलिस द्वारा दौड़ाकर पकड़ लिया गया तथा एक व्यक्ति सफेद अपाचे मोटरसाइकिल से भागने में सफल रहा । पकड़े गये व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर अपना नाम विपिन उर्फ ननका पुत्र ओमप्रकाश उर्फ फकीरे सोनकर निवासी मंदर थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज तथा सुनील पुत्र शिवप्रसाद सरोज निवासी मंदर थाना पूरामुफ्ती प्रयागराज बताया अभियुक्तों की जामा तलाशी लेने पर अभियुक्त विपिन के कब्जे से छिनैती का 02 मोबाइल फोन व अभियुक्त सुनील के कब्जे से छिनैती का 01 मोबाइल फोन (कुल 03 मोबाइल फोन) बरामद हुआ विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया है।

## न्यूज झरोखा

### रोजगार मेले में 623 अभ्यर्थियों का किया गया चयन




**कौशांबी।** कौशल विकास मिशन एवं राजकीय आई0टी0 आई0 के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय आई0टी0आई0 सिराथू के परिसर में आयोजित एक दिवसीय वृहद अटल रोजगार मेले का जिला पंचायत अध्यक्ष, कल्पना सोनकर ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया। रोजगार मेले में 1189 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में लावा मोबाईल ने 14 अभ्यर्थियों का चयन किया। इसी प्रकार सनडेन विकास प्रा0लि0 ने 11, शिवशक्ति बायोटक ने 32, फेम इण्डिया ने 15, श्रीराम पिस्टन ने 06, गौतम सोलर ने 36, ग्लेबल आटोटेक ने 07, वर्धमान टेक्सटाइल्स ने 53, फ्लिपकार्ट ने 80, टाटा एनर्जी ने 23, टाटा मोटर्स ने 40, यजाकी इण्डिया ने 62, एमआरएफ टायर्स ने 38, टीवीएस मैन्युफैक्चरिंग ने 04, जीएमआर विजन ने 37, ब्लिंकट ने 22, जीडीएक्स सिक्योरिटी ने 38, कृष्णा मारूति ने 74, एसएसआईएस सिक्योरिटी ने 15 एवं हैवेल्स ने11 कुल 623 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्या, ब्लॉक प्रमुख सिराथू जितेन्द्र कुमार सोनकर एवं मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी, जिला सेवायोजन अधिकारी, प्रधानाचार्य रा0आई0टी0आई0 सिराथू/मंझनपुर, प्रधानाचार्य राजकीय पॉलीटेक्निक टेंवा तथा कौशल विकास मिशन के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

### पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा की गई जनसुनवाई



**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा 22.12.2025 को पुलिस कार्यालय में आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई आयोजित की गई।इस दौरान उपस्थित फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्रों को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा संबंधित प्रभारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके तथा पुलिस पर जनता का विश्वास और अधिक मजबूत एवं सुदृढ़ हो।

# बुलडोजर से ढहाए गए आधा दर्जन से अधिक अवैध मकान



**कड़ा कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के त्रिलोकपुर गांव में सोमवार को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया एनएचएआई और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सड़क मार्ग पर किए गए अतिक्रमण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया नायब तहसीलदार अतुल वर्मा और सैनी कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र सिंह की मौजूदगी में भारी पुलिस बल के साथ दो बुलडोजरों ने आधा दर्जन से अधिक मकानों को जमींदोज कर दिया हाईवे के चौड़ीकरण और सार्वजनिक रास्ते को बाधा मुक्त करने के उद्देश्य से एनएचएआई की टीम और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर भूमि की पैमाइश की प्रशासन की इस संयुक्त टीम को देखकर अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया अधिकारियों के सख्त निर्देश पर दो बुलडोजर एक साथ गरजना शुरू हुए जिससे सड़क की जद में आए अवैध निर्माण ताश के पत्तों की तरह ढह गए कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय घटना या स्थानीय विरोध को रोकने के लिए सैनी थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा नायब तहसीलदार अतुल वर्मा ने बताया कि कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया था जिसके चलते आज यह विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की गई है इस अभियान के तहत सड़क की जमीन पर कब्जा करके बनाए गए आधा दर्जन से अधिक पक्के और कच्चे मकानों को गिरा दिया गया।एनएचएआई के अधिकारियों के अनुसार सड़क निर्माण में आ रही बाधा अब दूर हो गई है और जल्द ही आगे का कार्य शुरू किया जाएगा।

# संघर्ष और सामाजिक राजनीतिक सुचिता एवं चेतना के प्रतीक थे पूर्व केंद्रीय मंत्री

## पूर्व केंद्रीय मंत्री धर्मवीर की पुण्यतिथि पर उनके समर्थकों का हुजूम उमड़ा

**अखंड भारत संदेश**



**भरवारी कौशांबी।** जिले की राजनीति के पुरोधा जन-जन के प्रिय पूर्व केंद्रीय मंत्री धर्मवीर आज भी कौशांबी के लोगों के दिलों में जिंदा है पूर्व केंद्रीय मंत्री धर्मवीर की पुण्यतिथि 22 दिसंबर 2025 को प्रयागराज के ट्रांसपोर्ट नगर चौराहा, मुंडेरा स्थित स्वर्गीय धर्मवीर जी की मूर्तिस्थल पर उनकी 41वीं पुण्यतिथि हवन पूजन के पश्चात सैकड़ों लोगों ने माल्यार्पण कर धर्मवीर को नमन किया और उनके कार्यों को याद किया पुण्यतिथि पर वैदिक रीति से हवन पूजन किया गया। यह आयोजन उनके महान संघर्ष एवं सामाजिक योगदान को याद करने का अवसर बना श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और समर्थकों ने भाग लिया। विदित हो की धर्मवीर जी, उत्तर प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री और केंद्र सरकार में श्रम मंत्री रहे और सत्तर तथा अस्सी के दशक में प्रदेश एवं देश की राजनीति में महत्वपूर्ण तथा उल्लेखनीय योगदान दिया। ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे पर उनकी मूर्ति पर सैकड़ों समर्थकों द्वारा माल्यार्पण किया गया परिवारजन और समर्थकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। धर्मवीर जी वंचित वर्गों के उत्थान के प्रतीक थे, जिन्होंने सामाजिक समानता के लिए संघर्ष किया। उनकी स्मृति में ऐसे आयोजन प्रतिवर्ष आयोजित होते हैं। आर्य समाज के विद्वान राधेश्याम आर्य ने हवन संपन्न कराया। धर्मवीर सोशल फाउंडेशन द्वारा सैकड़ों गरीबों और जरूरतमंदों को कंबल वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार, शिशु जायसवाल पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना, पूर्व पुलिस अधीक्षक एल.पी भास्कर, एस.पी सिंह, वरिष्ठ नेता मोईनुद्दीन, रामभजन त्रिपाठी सपा नेता जोंटी यादव प्रवीण केसरवानी राजू सक्सेना पत्रकार ठाकुर अशोक सिंह मान सिंह पटेल मान सिंह यादव मजीद भाई भोला नाथ यादव व्यापारी नेता दिनेश केसरवानी शंकर लाल कुशवाहा राजीव पासवान अरशद जानी जनसत्ता दल नेता इरफान अहमद कलीम खान राजू कसेंदा नसीम भाई नीरज गुप्ता शंभूलाल केसरवानी भैयाराम सरोज शिवशरण कनौजिया आनंद आर्य प्रमोद आर्य दिनेश आर्य अनंत यादव बुद्ध लाल पासी शाश्वत आर्य सूर्यवीर आर्य सोराव से सुभाष यादव किसान यादव देशराज गौतम सानू वारसी अरविंद श्रीवास्तव आसिफ अब्बासी शरद गौतम शिवशंकर सरोज एडवो प्रमोद सरोज संतोष कनौजिया जनार्दन त्रिपाठी रामखिलावन सरोज अवनीश प्रजापति राजकुमार विश्वकर्मा अन्नू साहू धाकड़ पासी ओम प्रकाश पासी महेंद्र बहल मनोज हेला सहित सपा, भाजपा, जनसत्ता दल, कांग्रेस, बसपा और अन्य दलों के नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# करोड़ों रुपए खर्च किए जाने के बाद बकवास साबित हुई जल जीवन मिशन योजना की पानी टंकी और पाइपलाइन



**कोखराज कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमालमऊ में कल्पपत्रु जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना के तहत करोड़ों रुपए सरकारी रकम खर्च करके पानी टंकी का निर्माण और पूरे गांव में पाइप लाइन बिछाई गई थी लेकिन घटिया निर्माण के चलते कुछ महीने में ही जगह-जगह पर पाइपलाइन फट गई है निर्माण के बाद अधिकारियों ने गुणवत्ता की जांच नहीं की और ठेकेदार को बेहतर कार्य का प्रमाण दे दिया जिससे अधिकारियों के कार्यों पर भी सवाल खड़े हैं कुछ महीने में ही पाइपलाइन फट जाने के बाद गांव के लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है और यदि कभी कुछ पानी पहुंचता है तो कीचड़ और गंदगी से भरा होता है एक तब अफसर नेता मंत्री बंद बोतल का मिनरल वाटर का पानी पीते हैं और आम जनता को कीचड़ युक्त पानी पहुंचाया जा रहा है इससे इन अधिकारी नेताओं की संवेदनहीनता का अंदाजा लगाया जा सकता है जल वितरण पाइप फटने से लगातार सड़क गली में पानी बह रहा है जिससे रास्ते में कीचड़ भी होता है और आम जनता को आने-जाने की दिक्कतें भी होती हैं करोड़ों रुपए खर्च किए जाने के बाद जल जीवन मिशन योजना की पानी टंकी और पाइपलाइन बकवास साबित हुई है लेकिन संबंधित ठेकेदार और विभाग के अधिकारियों पर अभी तक भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज कराकर उनकी गिरफ्तारी नहीं कराई गई है जिससे पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े हैं।

सड़क पर पानी बहने से ग्राम पंचायत जमालमऊ के ग्रामीण परेशान है लगातार पानी बहने के कारण कुछ क्षेत्रों में पानी ना पहुंचने से ग्रामीणों को जल संकट से परेशानी होने से ग्राम के ग्रामीण चितिंत है जल जीवन मिशन के अधिकारियों से ग्रामीणों ने आग्रह किया है कि जल्द ही लीकेज पाइप सही किया जाए जल जीवन मिशन योजना के तहत बिछाए गए पाइपलाइन और बनाई गई पानी की टंकियों की शासन प्रशासन ने जांच कराई तो बड़ा भ्रष्टाचार उजागर होगा लेकिन सवाल उठता है कि भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की बात करने वाली योगी सरकार में जल जीवन मिशन योजना के ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों की भ्रष्टाचार की जांच कौन कराएगा और इस भ्रष्टाचार को बेनकाब कौन करेगा इस योजना में पूरे जिले में भ्रष्टाचार दिखाई पड़ रहा है।

# मनरेगा योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने से मजदूर नहीं बन जाएंगे अडानी अंबानी : कांग्रेस

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि नाम बदलने वाली भाजपा सरकार को जनता देगी जवाब

## भाजपा को समझना होगा कि दिसंबर का महीना अप्रैल कर देने से ठंडी नहीं हो जाएगी गायब

**अखंड भारत संदेश**



**कौशांबी।** मजदूरों को रोजगार देने वाले मनरेगा योजना से महात्मा गांधी का नाम भाजपा ने हटा दिया है जिससे कांग्रेस पार्टी में पूरे देश में उबाल है सवाल उठता है कि भाजपा द्वारा महात्मा गांधी के नाम पर चल रहे मनरेगा योजना का नाम बदल देने से क्या मजदूर को ज्यादा काम मिल जाएगा मजदूर अंबानी अडानी बन जाएंगे लेकिन भाजपा ने इस बारे में नहीं सोचा और मनरेगा योजना के नाम से महात्मा गांधी का नाम हटाकर दिया है यदि नाम बदलने से व्यवस्था में परिवर्तन हो रहा है तो दिसंबर के महीने को भाजपा बदल करके अप्रैल कर दे जिससे ठंडी गायब हो जाए और देश के करोड़ों लोगों को ठंड से राहत मिल जाए कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अकरम के भरवारी स्थिति कार्यालय से सोमवार को भरवारी स्टेशन तक महात्मा गांधी जी के फोटो के साथ मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस के सैकड़ो नेताओं द्वारा मार्च निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया इस मौके पर जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा यह सरकार केवल नाम बदलने का कार्य करती है और देश की जनता को मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने का काम करती है आज देश में मंहगाई,बेरोजगारी अपनी चरम पर है लेकिन सरकार के पास इसका जवाब नहीं है ! इसके बाद प्रदेश सचिव एवं जिला संयोजक राजेश साहनी ने कहा कि महात्मा गांधी जी देश की कण कण में हैं योजना का नाम बदलने से बापू की छवि को धूमिल नहीं किया जा सकता! जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अकरम ने कहा कि मौजूदा सरकार केवल नाम बदल सकती है लेकिन देश बापू के बलिदान को कभी नहीं भूल सकता है बापू ने देश की आजादी में अपना बहुमूल्य योगदान दिया था. ! तत्पश्चात जिला उपाध्यक्ष राम सूरत रैदास ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलने से देश महात्मा गांधी जी के योगदान को नहीं भूलेगा.बापू सदैव पूज्यनीय थे और हमेशा रहेंगे कार्यक्रम मे जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अकरम, अलकमा उस्मानी, रामसूरत रैदास, जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला, राज बहादुर चौधरी, सेवादल जिलाध्यक्ष जमशेद अहमद, ब्लाक अध्यक्ष रमेश यादव, सचिव इंद्रपाल, रामदास गौतम, छोटे लाल, मोहम्मद मिजान, तबरेज अहमद, सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, मो0 शारिक, रमेश, धीरेन्द्र, करार अहमद, मो0 असलम, मो0 अनीश, इरशाद अहमद, कौशर अली, मो0 सिराज, वार्ड अध्यक्ष वाजिद जमीर, सूफियान अहमद, दीपक शर्मा, राज राहुल यादव,संजय पटेल,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे!

# व्यापारी सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन क्षेत्राधिकारी यातायात ने व्यापारियों के साथ की संवाद बैठक



**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कौशाम्बी स्थित दुर्गा भाभी सभागार में क्षेत्राधिकारी यातायात सत्येन्द्र प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता में व्यापारी सुरक्षा गोष्ठी 22.12.2025 को आयोजित की गई।बैठक में थाना चौकी क्षेत्रों के सरार्फा व्यापारी, उद्योगपति, मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं स्थानीय व्यापारीगण उपस्थित रहे। क्षेत्राधिकारी द्वारा व्यापारियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों तथा सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई एवं उनके समाधान हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

उन्होंने व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाने, रात्रि गश्त बढ़ाने, पुलिस-व्यापारी समन्वय को सुदृढ़ करने तथा हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग पर बल दिया। साथ ही व्यापारियों से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें ताकि शीघ्र कार्रवाई की जा सके। बैठक में व्यापारी सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु पुलिस और व्यापारियों के बीच आपसी संवाद और विश्वास को और मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

# खनिज अधिकारी के नाम पर सक्रिय हुआ नटवरलाल लाखों की कर रहा वसूली

## बिना नंबर की दौड़ रही खनन विभाग के नाम पर सफेद रंग की बोलेरो प्रशासन अनजान



**कोखराज कौशांबी।** अवैध बालू के परिवहन और खनन में लगे सैकड़ो ट्रक डंपर और बड़े वाहनों की जांच करने और अवैध परिवहन खनन पर रोक लगाने के लिए खनन विभाग के नाम पर इन दिनों नटवरलाल की सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी पूरे जिले में घूम कर ओवरलोड वाहनों की जांच चेकिंग कर रही है और चेकिंग के नाम पर वाहन चालकों से पूरे दिन वसूली कर रही है बताया जाता है कि खनन विभाग के नाम पर एक सफेद रंग की बोलेरो जिले की सड़कों में दिन से लेकर रात तक दौड़ती देखी जाती है इसमें सवार लोगों की जांच कराई गई तो चौंकाने वाले खुलासे होंगे खनन विभाग के नाम पर बीते कई महीनों से सड़क पर दौड़ने वाली यह बोलेरो तेज गति से जिले के विभिन्न प्रमुख सड़कों पर भाग रही है जिससे सफेद रंग के बोलेरो के आगे के हिस्से का नंबर प्लेट नहीं देखा जा सका है लेकिन इस गाड़ी में पीछे परिवहन विभाग के नंबर प्लेट में वाहन का नंबर नहीं लिखा है लोगों ने बताया कि खनन विभाग के नाम पर गाड़ी में नटवरलाल घूम रहे हैं जो ओवरलोड वाहनों से लाखों रुपए रोज की वसूली कर रहे हैं नटवरलाल की गाड़ी पर दोहरे सवाल खड़े होने हैं एक तरफ बिना नंबर की गाड़ी सड़क पर दौड़ रही है जो परिवहन विभाग से लेकर पुलिस विभाग को नहीं दिखाई पड़ रही है आखिर बिना नंबर के दौड़ने वाले वाहनों पर कब कार्यवाही होगी इस गाड़ी को कब सीज किया जाएगा दूसरा सवाल खड़ा हो रहा है कि खनन विभाग के नाम पर खुले आम सफेद रंग की बोलेरो से नटवरलाल और उसके गुर्गो द्वारा वसूली हो रही है इस अवैध वसूली पर भी रोक नहीं लग रही है जिससे व्यवस्थाओं पर सवाल खड़ा हो रहा है और बिना नंबर की दौड़ने वाली सफेद रंग की बोलेरो किसके संरक्षण में दौड़ रही है यह बड़ी जांच का विषय है।

# थाना पिपरी एवं थाना चरवा अन्तर्गत हुई लूट की घटनाओं का खुलासा करते हुए, 05 अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**



**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत 16 दिसम्बर को दो पहिया वाहन सवार अज्ञात लोगों द्वारा शिवप्रयाग गार्डन के पास सुबह एक व्यक्ति के साथ लूट (5000/- रुपये,मोबाईल आदि) की घटना की गयी एवं थाना पिपरी अंतर्गत भी दिनांक 16.12.2025 को मोटर साईकिल सवार अज्ञात लोगों द्वारा 02 भिन्न-भिन्न लूट की घटनायें कारित की गयी थी जिनके सफल अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था। जिनके द्वारा उपरोक्त घटनाओ के अनावरण हेतु साक्ष्य संकलन सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस की सहायता लेकर, मुखबिर को लगाकर लगातार संदिग्ध व्यक्तियों तथा लूट के संदिग्ध अभियुक्तों के यहा दबिश दी जा रही थी तथा अलग अलग संवेदनशील स्थानो पर बैरियर लगाकर चेकिंग की जा रही थी इसी क्रम में दिनांक 22-12-2025 की भोर मे चौकी प्रभारी चायल जो कस्बा मनौरी में चेकिंग कर रहे थे उनके द्वारा थानाध्यक्ष पिपरी को अवगत कराया की मनौरी पुल से तीन मोटरसाइकिल पर पांच अज्ञात व्यक्ति जो संदिग्ध हैं तेज गति से चेकिंग से भागते हुए कस्बा चायल की तरफ आ रहे हैं । सूचना प्राप्त होते ही थानाध्यक्ष पिपरी और एसओजी प्रभारी अपनी टीम के साथ कस्बा चायल की तरफ गए तभी सामने से आ रही तीन मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात लोग पुलिस को देखते ही अपनी मोटरसाइकिल वापस घुमाकर भागने लगे पुलिस टीम द्वारा उनका पीछा किया गया, चौकी प्रभारी चायल द्वारा भी अपनी फोर्स के साथ सामने से आकर उक्त मोटरसाइकिल सवार लोगों को पकड़ने का प्रयास किया गया जिसपर अपने आप को घिरता देख वे लोग चायल से चरवा जाने वाले मार्ग पर भागने लगे । पुलिस टीम द्वारा वायरलेस सेट से चरवा मोबाइल को भी अवगत कराया गया जिस पर प्रभारी निरीक्षक चरवा द्वारा भी अपनी टीम के साथ उक्त मोटरसाइकिल सवारों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की गई तत्पश्चात गुगुवा का बाग के पास उक्त तीन मोटरसाइकिल पर सवार 5 अज्ञात लोगों को आमने-सामने से पुलिस टीम द्वारा घेर लिया गया जिसमें से एक अभियुक्त मोटरसाइकिल छोड़कर भागने लगा तथा मोटरसाइकिल सवार 04 अभियुक्तों को पुलिस टीम द्वारा पकड़ लिया गया । भाग रहे अभियुक्त का थानाध्यक्ष पिपरी और एसओजी प्रभारी द्वारा अपनी टीम के साथ पीछा किया गया । अभियुक्त द्वारा भागते हुए पुलिस टीम के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया पुलिस टीम द्वारा अपने को सुरक्षित करते हुए अभियुक्त से आत्मसमर्पण करने हेतु कहा गया परंतु अभियुक्त द्वारा भागते हुए पुनः पुलिस टीम के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया जिस पर जवाबी कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायर किया गया जिसमें से एक गोली भाग रहे बदमाश के पैर में लगी और वह घायल होकर जमीन पर गिर गया । अभियुक्तों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा उनका नाम सचिन पुत्र राम बहादुर निवासी रतगहाँ थाना चरवा वा सोनू उर्फ अभिषेक कुमार पुत्र कमलेश पासी निवासी भागलपुर मुंडेरा धूमनगंज प्रयागराज वा सुजल उर्फ श्रेयजल भारतीया पुत्र कमलेश भारतीया निवासी चकिया प्रयागराज वा अंकित पासी पुत्र सुरेंद्र पासी निवासी चकिया प्रयागराज मुठभेड़ मे घायल वा बाबू राइडर उर्फ ओमी पासी पुत्र झुलूर पासी निवासी चकिया प्रयागराज बताया गया । अभियुक्तों के कब्जे से तीन मोटरसाइकिल,11 मोबाइल फोन, 5200 रुपये नगद, दो अदद अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस बरामद हुआ` अभियुक्त सचिन की निशानदेही 01 कैमरा व उसका स्टैंड बरामद किया गया घायल अभियुक्त अंकित को चिकित्सीय सहायता हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियुक्तों को हिरासत में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है ।

उल्लेखनीय है कि कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा जनपद कौशाम्बी मे हुई घटनाओं के साथ ही थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज अंतर्गत हुयी लूट की घटना का भी सफल अनावरण करते हुये माल बरामद किया गया अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि हम सभी ने मिलकर दिनांक 16-12-2025 की सुबह चरवा मे शिवप्रयाग गार्डन के पास एक व्यक्ति से उसका मोबाइल फोन, ?5000, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, गाड़ी की चाबी, बैग लूटा था तथा उसके पश्चात उनके द्वारा मनौरी पुल के पास तथा वन्दराही बाग के पास दो अलग-अलग जगह दो लोगों से मोबाइल फोन एटीएम कार्ड, बैग और रुपए लूटे थे तथा दिनांक 17-12-2025 को उनके द्वारा थाना पुरामुफ्ती क्षेत्र के मंदरी मे रेलवे डॉट पुल के पास एक व्यक्ति से उसकी मोटरसाइकिल, उसका फोन, कैमरा, कैमरा स्टैंड आदि लूटा गया था। मोटरसाइकिल के बारे में पूछने पर उनके द्वारा बताया गया कि एक मोटरसाइकिल हम लोगों ने हनुमान मंदिर सिविल लाइन के पास से चुराई थी, एक मोटरसाइकिल रेलवे पुल के पास से कैमरामैन से लूटी थी । अभियुक्तों से पूछताछ में उनके द्वारा बताया गया कि मंदरी से लूटे गए कैमरा और स्टैंड को सचिन ने अपने गांव के पास कहीं छुपा दिया है जिसकी निशान देही पर उपरोक्त माल को बरामद किया गया,उपरोक्त अभियुक्तों से बरामद 11 मोबाइल फोन के बारे में पूछने पर बताया गया कि ये मोबाईल फोन हम लोगों ने जनपद कौशाम्बी व जनपद प्रयागराज में अलग-अलग जगह से लूटे थें।जनपद कौशांबीः थाना पिपरी, थाना चरवा पुलिस व एसओजी पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा घटनाओं का त्वरित/सफल अनावरण कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमों की सराहना करते हुए 25,000/- रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की गयी है।

# सम्पादकीय

## आंखें तरेरता बांग्लादेश

**अपने** विदेश दौरों की गिनती बढ़वा कर और सबसे अधिक देशों से वहां का सर्वोच्च सम्मान हासिल करने का रिकार्ड अपने नाम करवाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगे हुए हैं। उनके लिए शायद बड़ी उपलब्धि यही होगी कि कितने राष्ट्राध्यक्षों को उन्होंने झप्पी दी है, कितनों के साथ कार में अकेले सवारी की है और कितनों को पहले नाम से बुलाते हैं। लेकिन मोदी से पहले भारत की विदेश नीति की धमक इस कारण से बनी हुई थी कि वह गुट निरपेक्ष आंदोलन का प्रणेता था, वैश्विक शक्तियों के सामने नवोदित देशों को सम्मान के साथ खड़े होने का आदर्श उसने पेश किया और तीसरी दुनिया के देश भारत को बड़े भाई की तरह देखते थे। पाकिस्तान के साथ तो भारत के रिश्ते हमेशा नरम-गरम रहे, लेकिन पाकिस्तान से अलग हुए बांग्लादेश, पड़ोसी देश नेपाल, भूटान, श्रीलंका, म्यांमार सब पर भारत का रसूख बना हुआ था, जो अब लगभग खत्म हो चुका है। इन सब देशों के साथ संबंध अभी सामान्य हैं, लेकिन जो गर्माहट पहले हुआ करती थी, वो मोदी सरकार के आने के बाद खत्म हो गई है।

खास तौर पर बांग्लादेश के साथ तो हमेशा से एक अपनापा रहा है। वहां का मुक्ति संग्राम भारत के कारण सफल हुआ। दोनों देशों का राष्ट्रगान रवीन्द्रनाथ टैगोर ने लिखा है, इस बात पर भी नागरिकों को खुशी होती थी। दोनों देश पाकिस्तान की सैन्य तानाशाही के नुकसान देख चुके हैं। इसके अलावा अविभाजित भारत का हिस्सा होने के कारण सांस्कृतिक, भाषायी, धार्मिक इतिहास की साझेदारी भी रही है। लेकिन अब वही बांग्लादेश भारत को न केवल तोड़ने की धमकी दे रहा है, बल्कि खुलकर पाकिस्तान और चीन के साथ जाते हुए भारत के योगदान की अवहेलना भी कर रहा है।

बुधवार को भारत ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमिदुल्लाह को तलब कर ढाका में भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता जताई थी। इसी पर बांग्लादेश की नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के सदर्न चीफ ऑगेर्नाइजर हसनत अब्दुल्लाह ने कहा कि भारत के उच्चायुक्त को देश से बाहर निकाल देना चाहिए था। इससे पहले अब्दुल्लाह भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को अलग करने की धमकी दे चुके हैं। बता दें कि दो महीने में यानी फरवरी 2026 में बांग्लादेश में आम चुनाव होंगे और एनसीपी ने हसनत अब्दुल्लाह को कुमिल्ला-4 से उम्मीदवार बनाया है। इसी कुमिल्ला में अब्दुल्लाह ने भारत विरोधी बातें कहीं, उन्होंने कहा कि भारत के उच्चायुक्त को देश से बाहर निकाल देना चाहिए था क्योंकि वह शेख हसीना को शरण दे रहा है। हम आपका सम्मान करें और आप देखते ही गोली मारने की बात करो, ये सही नहीं है। भारत के विदेश मंत्रालय ने इस पर प्रतिक्रिया दी है कि बांग्लादेश में हाल की कुछ घटनाओं को लेकर कट्टरपंथी तत्वों के झूठे विमर्श को हम पूरी तरह से खारिज करते हैं।

हसनत जैसे चरमपंथी और हिंसक विचारधारा वाले लोग और उनके समर्थक अब मोहम्मद यूनुस को समर्थन देने वाली एकमात्र वास्तविक शक्ति बन गए हैं। जिस देश में यूनुस के नेता सार्वजनिक रैलियों में खुलेआम यह कह सकते हैं कि वे एक पड़ोसी देश के उच्चायुक्त को बाहर निकाल देंगे, वहां यह स्पष्ट है कि आम लोग दिन-रात खुद को कितना असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय चुनावों के लिए तैयार हो रहा है नेपाल

**नित्य चक्रवर्ती**

**भ्रष्टाचार** के उन्मूलन और अधिकारों की सुरक्षा से संबंधित कुछ प्रमुख मुद्दों पर जनमत संग्रह कराने के लिए बातचीत हुई। उम्मीद है कि कार्की जल्द ही इस जनमत संग्रह के मुद्दे पर फैसला लेंगी। अगर वह इसे मंजूरी देती हैं, तो यह फिर से वही होगा जो बांग्लादेश में हो रहा है। 12 फरवरी, 2026 को बांग्लादेश में, राष्ट्रीय चुनावों के साथ-साथ जनमत संग्रह पर भी वोटिंग होगी।



क्या बांग्लादेश का चुनाव से पहले का माहौल नेपाल में दोहराया जा रहा है, जो इस साल सितंबर के दूसरे सप्ताह में देश के जेनरेशन जेड (जेन-जेड) द्वारा सत्ताधारी के.एस. ओली सरकार के खिलाफ दो दिन के विद्रोह का केंद्र था? बड़े संकेत इसी ओर इशारा कर रहे हैं, एकमात्र अंतर यह है कि बांग्लादेश में छात्र प्रदर्शनकारियों की अपनी नौ महीने पुरानी पार्टी है, लेकिन काठमांडू में, जेन-जेड के नेता और उनके मार्गदर्शक अभी भी बिना किसी औपचारिक पार्टी आधार के चुनाव लड़ने की बात कर रहे हैं।

29 लाख की आबादी वाले देश नेपाल में सितंबर के विद्रोह के तीन महीने से ज्यादा समय बाद, अगले साल 5 मार्च को चुनाव कराने की सभी तैयारियां कर ली गई हैं। चुनाव आयोग ने 19 लाख मतदाताओं की सूची तैयार की है और 114 राजनीतिक पार्टियों को चुनाव लड़ने के लिए योग्य पंजीकृत किया गया है। लेकिन आखिरकार, पिछले दो दशकों से हिमालयी देश पर शासन करने वाली स्थापित राजनीतिक पार्टियां ही आने वाले चुनावों में मायने रख रही हैं, विद्रोह करने वाले जेन-जेड युवाओं की ओर से पुराने सत्ता प्रतिष्ठान को चुनौती देने के लिए कोई मजबूत राजनीतिक गठबंधन सामने नहीं आया है, जिन्होंने दो दिनों के बड़े विरोध प्रदर्शनों के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री के.एस. ओली को इस्तीफा देने के लिए मजबूर करके इतिहास रचा था।

इसी तरह बांग्लादेश में, जुलाई 2024 के विद्रोह के छात्र प्रदर्शनकारियों द्वारा स्थापित नेशनल सिटीजन्स पार्टी (एनसीपी), मौजूदा चुनाव अभियान में कोई प्रभाव डालने में विफल रही है, जबकि बीएनपीऔर जमात-ए-इस्लामी जैसी स्थापित पार्टियां हावी हैं, क्योंकि 12 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय चुनाव नजदीक आ रहे हैं। नेपाल में, प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को जेन-जेड प्रदर्शनकारियों ने अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभालने के लिए चुना था, ठीक वैसे ही जैसे 8 अगस्त 2024 को छात्र प्रदर्शनकारियों ने मुहम्मद यूनुस को बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में काम करने के लिए चुना था।

अब नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री खुद थोड़ी निराश हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि सरकार में भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए राजनीति में नए चेहरों के आने की संभावनाएं धूमिल हैं। उन्होंने इस उम्मीद के साथ प्रधानमंत्री का पद संभाला था कि नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय में अपने पूरे करियर में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाली होने के नाते, वह भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन सुनिश्चित करने के बाद अपना अंतरिम पद छोड़ देंगी, लेकिन हाल के दिनों में, वह पारदर्शिता पर आधारित और भ्रष्टाचार से मुक्तनए नेपाल के उदय के बारे में उम्मीद खो रही हैं। हाल ही में उन्होंने आने वाले राष्ट्रीय चुनावों से पहले भ्रष्टाचार और कार्यकताओं की मांगों पर चर्चा करने के लिए नागरिक सुरक्षा अभियान टीम के साथ एक बैठक की।

भ्रष्टाचार के उन्मूलन और अधिकारों की सुरक्षा से संबंधित कुछ प्रमुख मुद्दों पर जनमत संग्रह कराने के लिए बातचीत हुई। उम्मीद है कि कार्की जल्द ही इस जनमत संग्रह के मुद्दे पर फैसला लेंगी। अगर वह इसे मंजूरी देती हैं, तो यह फिर से वही होगा जो बांग्लादेश में हो रहा है। 12 फरवरी, 2026 को बांग्लादेश में, राष्ट्रीय चुनावों के साथ-साथ जनमत संग्रह पर भी वोटिंग होगी। नेपाल में भी, अगर प्रधानमंत्री कार्की जनमत संग्रह के प्रस्ताव को मंजूरी देती हैं, तो 5 मार्च को ही जनमत संग्रह पर मतदान हो सकता है। नेपाल की वर्तमान संसद में 334 सदस्य हैं - निचले सदन में 275 और ऊपरी सदन में 59 सदस्य। राजशाही खत्म होने और लोकतंत्र शुरू होने के बाद से देश में गठबंधन सरकार का चलन है। 2022 के चुनावों में, 89 सीटों के साथ नेपाली कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, लेकिन पिछली सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार का नेतृत्व नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के प्रधानमंत्री के.एस.आर. ओली कर रहे थे, जिन्हें नेपाली कांग्रेस और कुछ अन्य पार्टियों का समर्थन प्राप्त था। सीपीएन (यूएमएल) एक और कम्युनिस्ट पार्टी है जो पिछले चुनावों में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी थी। कम्युनिस्ट पार्टियों के बीच फूट ने नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता में बहुत योगदान दिया।

अभी तक, वही पार्टियां सामने आई हैं और प्रचार कर रही हैं। 2022 के तर्ज पर गठबंधन की बात हो रही है, लेकिन अभी तक इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया है। सभी पार्टियों में अंदरूनी समस्याएं हैं। नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व पर कई वरिष्ठ नेताओं द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं, जबकि के.एस. ओली से पिछले सम्मेलन में इस्तीफा देने के लिए कहा गया था, लेकिन वह असंतोष से निपटने में कामयाब रहे और फिर से नेता बनकर उभरे। कुल मिलाकर, सात पार्टियों को राष्ट्रीय दर्जा प्राप्त है और गठबंधन सरकारें उनके इर्द-गिर्द घूम रही हैं।

मंजूर पार्टियों में से लगभग पांचवां हिस्सा नई हैं, जिनमें से कई युवा कार्यकताओं द्वारा पंजीकृत की गई हैं, जिन्होंने इस साल सितंबर में नेपाल को हिला देने वाले भ्रष्टाचार विरोधी विरोध प्रदर्शनों में प्रमुख भूमिका निभाई थी। लेकिन समस्या यह है कि इन सभी छोटी पार्टियों ने अभी तक चुनाव की लड़ाई के लिए संगठन नहीं बनाए हैं। इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि जेन-जेड के सक्रिय सदस्यों की ये पार्टियां चुनाव से पहले गठबंधन करेंगी। जेन-जेड ने सितंबर के विरोध प्रदर्शन के दौरान बेरोजगारी की समस्या के बारे में बड़े पैमाने पर बात की थी, लेकिन अब तक वे इस संकट से निपटने के लिए कोई पक्की योजना नहीं बना पाए हैं। वर्ल्ड बैंक के ताजा आंकड़े एक चौंकाने वाली तस्वीर पेश करते हैं: नेपाल के 82 प्रतिशत कार्यबल का इस्तेमाल अनौपचारिक रूप से किया जाता है, और 2024 में देश की प्रति व्यक्ति जीडीपी सिर्फ. $1,447 थी। लाखों नेपालियों के लिए, ये सिर्फ आंकड़े नहीं हैं - ये उनकी रोज की सच्चाई हैं।

अभी भी समय है। यह देखना होगा कि क्या जेन-जेड नेता अपनी मंजूर पार्टियों के बीच कोई साझा न्यूनतम कार्यक्रम बना पाते हैं और स्थापित राजनीतिक पार्टियों से लड़ने के लिए अपनी ताकतों को इका कर पाते हैं, जिनके पास अच्छी तरह से काम करने वाली चुनावी मशीनरी है? सिटीज? काउंसिल के कुछ वरीय नेता और साथ ही प्रधानमंत्री सुशीला कार्की भी एक ऐसे ग्रुप के गठन में दिलचस्पी रखते हैं जो सितंबर के विद्रोह के दौरान उठाई गई मांगों के आधार पर 5 मार्च के चुनाव लड़ेगा। अगर एकता की यह कोशिश सफल होती है, तो जेन-जेड से पारंपरिक राजनीतिक पार्टियों को कड़ी टक्कर मिलने की कुछ संभावना है।

# राम वी. सुतार के हाथों में आकर पत्थर बोल उठते थे

**-ललित गर्ग-**

**राम** वी. सुतार का शतायु जीवन केवल वर्षों की गणना नहीं था, वह भारतीय मूर्ति-कला की सदियों लंबी साधना का सजीव विस्तार था। सौ वर्ष की उम्र में उनका जाना ऐसा है जैसे पत्थर बोलने वाली भाषा का कोई मौन हो जाना, जैसे हथौड़े और छैनी के बीच जन्म लेने वाली संवेदनाओं का विराम। वे उन विरले कलाकारों में थे जिनके हाथों में पत्थर, धातु और कांस्य केवल पदार्थ नहीं रहते थे, वे चेतना बन जाते थे। आकृतियां नहीं गढ़ी जाती थीं, जीवन प्रकट होता था। उनके स्पर्श से निर्जीव सजीव हो उठता था और शिल्प अपने भीतर मनुष्य की धड़कनें समेट लेता था। राम वी. सुतार केवल महान मूर्तिकार नहीं थे, वे एक दर्शन थे। उनका जीवन इस सत्य का प्रमाण था कि कला केवल सौंदर्य की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि मनुष्यता का विस्तार होती है। उन्होंने जब किसी महापुरुष की प्रतिमा गढ़ी, तो केवल चेहरे की रेखाएं नहीं उकेरीं, उस व्यक्तित्व के भीतर छिपे संघर्ष, संकल्प, करुणा और दृष्टि को आकार दिया। यही कारण है कि उनकी बनाई मूर्तियां देखने वाले को देखती हैं, मौन होकर भी संवाद करती हैं और समय की सीमाओं से परे जाकर पीढ़ियों को प्रेरित करती हैं।



स्टैचू ऑफ यूनिटी आज विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा के रूप में खड़ी है, पर उसकी ऊंचाई केवल फीट और मीटर में नहीं मापी जानी चाहिए। उसमें सरदार पटेल की लौह इच्छाशक्ति के साथ-साथ राम वी. सुतार की तपस्या, धैर्य और अंतर्दृष्टि समाहित है। यह प्रतिमा केवल एक राष्ट्रीय प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय मूर्ति-कला की सामर्थ्य का वैश्विक घोष है। संसद परिसर में स्थापित गांधी प्रतिमा हो या देश-विदेश में फैली अनगिनत मूर्तियां, हर जगह उनकी कला ने इतिहास को वर्तमान से जोड़ा है और वर्तमान को भविष्य के लिए अर्थवान बनाया है। उनके हाथों में पत्थर बोलने लगते थे, पर उनके हृदय में मनुष्य बोलता था। वे जानते थे कि किसी नेता, संत या विचारक की प्रतिमा बनाते समय केवल शारीरिक समानता पर्याप्त नहीं होती। वहां आत्मा की समानता चाहिए। इसलिए वे पहले उस व्यक्तित्व को पढ़ते थे, समझते थे, आत्मसात करते थे। उनकी साधना में अध्ययन, ध्यान और संवेदना का अद्भुत संगम था। शायद यही कारण था कि उनकी कारीगरी में बारीकी के साथ-साथ एक ऐसी जीवंतता थी जो दर्शक को भीतर तक छू लेती थी। राम सुतार जी एक सौ एक साल के थे और उम्र से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे थे। उनका जन्म 19 फरवरी 1925 को महाराष्ट्र में धूलिया जिले के गोन्दुर गाँव में एक गरीब परिवार में हुआ। उनका पूरा नाम राम वनजी सुतार था। वे भारत के सुप्रसिद्ध शिल्पकार थे। उनके द्वारा बनाई गईं महात्मा गांधी की प्रतिमाएं अब तक विश्व के तीन सौ से अधिक शहरों में लग चुकी हैं। उनके कलात्मक एवं अनूठे शिल्प साधना को सम्मानित करते हुए भारत सरकार ने उन्हें 1999 में पद्मश्री और 2016 में पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। अक्टूबर 2018 में, सुतार को 2016 के सांस्कृतिक सद्भाव के लिए टैगोर पुरस्कार मिला। उनके पिता वनजी हंसराज जाति व कर्म से बढ़ई थे। राम सुतार का विवाह 1952 में प्रमिला के साथ हुआ। जिनसे उन्हें 1957 में एकमात्र पुत्र अनिल राम सुतार हुआ, जो पेशे से वास्तुकार हैं परन्तु अब वह भी नोएडा स्थित अपने पिता के स्टूडियो व कार्यशाला की देखरेख का कार्य करते हैं।

राम वी. सुतार का जीवन सादगी का पर्याय था। इतनी बड़ी उपलब्धियों के बावजूद उनमें कोई दर्प नहीं था। वे शिल्प के साधक थे, शोर के नहीं। उनका कार्य बोलता था, वे स्वयं मौन में रहकर भी सब कुछ कह जाते थे। उन्होंने यह सिद्ध किया कि सच्ची महानता प्रचार की मोहताज नहीं होती। वह अपने आप में पूर्ण होती है और समय उसे पहचान ही लेता है। उनकी कला में भारतीय परंपरा की गहरी जड़ें थीं, पर दृष्टि पूरी तरह आधुनिक और वैश्विक थी। वे अतीत से प्रेरणा लेते थे, वर्तमान की जरूरतों को समझते थे और भविष्य के लिए रूप गढ़ते थे। यही कारण है कि उनकी मूर्तियां किसी एक काल में बंद नहीं होतीं। वे हर युग में प्रासंगिक लगती हैं। उनमें इतिहास की गरिमा है, वर्तमान की चेतना है और भविष्य की उम्मीद भी। राम सुतार अपने गुरु रामकृष्ण जोशी से प्रेरणा लेकर मुम्बई गये, जहाँ उन्होंने जे०जे०स्कूल ऑफ आर्ट में दाखिला लिया। 1953 में इसी स्कूल से मॉडलिंग में उन्होंने सर्वोच्च अंक अर्जित करते हुए मेयो गोल्ड मेडल हासिल किया। मॉडलर के रूप में औरंगाबाद के आर्कियोलोजी विभाग में रहते हुए राम सुतार ने 1954 से 1958 तक अजन्ता व एलोरा की प्राचीन गुफाओं में मूर्तियों के पुनर्स्थापन का कार्य किया। 1958-1959 में वह सूचना व प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के दृश्य श्रव्य विभाग में तकनीकी सहायक भी रहे। 1959 में उन्होंने अपनी मर्जी से सरकारी नौकरी त्याग दी और पेशेवर मूर्तिकार बन गये। इन दिनों वह अपने परिवार के साथ नोएडा में निवास करते थे। राम सुतार ने वैसे तो बहुत-सी मूर्तियाँ बनायीं है, किन्तु उनमें से कुछ उल्लेखनीय मूर्तियों में 45 फुट ऊँची चम्बल देवी की मूर्ति गंगासागर बाँध, 17 फुट ऊँची मोहनदास कर्मचन्द गाँधी की मूर्ति गाँधीनगर, गुजरात, 21 फुट ऊँची महाराजा रणजीत सिंह की मूर्ति अमृतसर, 18 फुट ऊँची सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति संसद भवन, नई दिल्ली, 9 फुट ऊँची भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति जम्मू, भारत के राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा की आवक्ष प्रतिमा, ब्रह्म सरोवर में कृष्ण अर्जुन रथ स्मारक कांस्य प्रतिमा आदि हैं। गुजरात में स्थापित सरदार वल्लभ भाई पटेल की विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा ह्यस्टैच्यू ऑफ यूनिटीह्न राम सुतार के अद्भुत कला-कौशल का नमूना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भारत ने एक ऐसे कलाकार को खो दिया है।

# भाजपा बनी हिंदू महासभा

**राजेन्द्र शर्मा**

**प. बंगाल,** जो एक और ऐसा राज्य है जहां संघ-भाजपा अपनी सारी कोशिशों के बावजूद, अब तक सत्ता तक पहुंचने में कामयाब नहीं हुए हैं। सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक, हुमायूं कबीर की अपने इलाके में बाबरी मस्जिद बनाने की घोषणा को, संघ-भाजपा ने बिना जरा भी समय गंवाए जवाबी सांप्रदायिक गोलबंदी का बहाना बना लिया।



भाजपा के पर्चीं से निकले अध्यक्ष (अभी कार्यकारी) नितिन नबीन ने जब राजधानी दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में कुर्सी संभालने के बाद, अपने पहले बयान में 'सब का साथ, सब का विकास' की बात की, तो सचमुच काफी अटपटा सा लगा। बेशक, ऐसा तो नहीं है कि भाजपा ने 2019 के चुनाव की जीत के बाद नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए इस नारे को आधिकारिक रूप से छोड़ ही दिया हो। वैसे आधिकारिक रूप से भाजपा ने छोड़ा तो संभवतः 'गांधीवादी समाजवाद' को भी नहीं है, जिसे जनता पार्टी में विभाजन के बाद, उसके जनसंघ घटक के गिर्द 1980 में भाजपा के गठन के समय, अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में इस पार्टी की मूल विचारधारा के रूप में स्वीकार किया गया था। बहरहाल, 'गांधीवादी समाजवाद' के साथ कभी जोर-शोर से घोषित अपने नाते को भाजपा अब तक करीब-करीब भुला ही चुकी है और इस भूले हुए रिश्ते को याद करने में भी, अब उसे किसी पुरानी भूल को याद करने जैसी शर्म ही आती लगती है।

उस हद तक तो नहीं, फिर भी कुछ-कुछ उसी तरह पिछले कुछ वर्षों में और खासतौर पर 2024 के आरंभ में अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संघ-भाजपा द्वारा आधिकारिक रूप से लूटे जाने के बाद से, उनकी बयानबाजी में से यह नारा करीब-करीब गायब ही हो चुका है। हां! भूले-भटके किसी बहस में संघ-भाजपा के अल्पसंख्यक-विरोधी और खासतौर पर मुस्लिमविरोधी होने की आलोचनाओं के जवाब में जरूर, ढाल की तरह इस नारे की दुहाई का इस्तेमाल जरूर देखने को मिल सकता है। कहने की जरूरत नहीं है कि 2019 में नरेंद्र मोदी की दूसरी पारी की शुरूआत में जब यह नारा लगाना शुरू-शुरू किया गया था, तब भी इसका संघ-भाजपा और उनकी सरकार के आचरण में कोई प्रभाव नजर नहीं आता था। वास्तव में यह नारा, 'सब का साथ' से ठीक उल्टे आचरण को ही ढांपने का काम करता था। फिर भी, कम से कम एक पर्दा तो था, जो अब पूरी तरह से गायब हो चुका है। नितिन नबीन एक तो नये-नये और जाहिर है कि काफी अप्रत्याशित तरीके से, एक ऐसी राष्ट्रीय भूमिका में आ टपके हैं, जिसके लिए वह तैयार नहीं थे। इसलिए, उनकी बोली-बानी का संघ-भाजपा की आज की बोली से पूरी तरह से मेल नहीं बैठने में बहुत हैरानी नहीं होनी चाहिए। इसके ऊपर से उनका पूरा का पूरा राजनीतिक कैरियर उस बिहार का है, जहां संघ-भाजपा को अब भी मजबूरी में नीतीश कुमार को अपना 'नेता' मानना पड़ रहा है, जिसका अर्थ उनका खुलकर सांप्रदायिक बोली का प्रयोग न कर पाना भी है। और यह स्थिति उतने ही समय से है, जितना लंबा उनका राजनीतिक कैरियर है। ऐसे में नये भाजपा अध्यक्ष का, 'सब का साथ सब का विकास' का जिक्र करना, उस जगह की ही याद दिलाता है, जिसे वास्तव में संघ-भाजपा खाली कर चुके हैं।

## पुलिस ने गुमशुदा 17 फोन किया बरामद, मोबाइल धारकों को सौंपा

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के थाना बहरियाबाद पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा 17 अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सैदपुर के कुशल निर्देशन व पर्यवेक्षण में थाना बहरियाबाद पुलिस एवं सीसीटीएनएस टीम द्वारा गुमशुदा/खोये हुए कुल 17 अदद मोबाइल फोन जिनकी (अनुमानित कीमत लगभग 02 लाख 61 हजार रुपए) को बरामद किया गया । उल्लेखनीय है कि गुम/खोए हुए मोबाइल के धारकों द्वारा उएक्क्र पोर्टल पर अपने मोबाइल खोने के सम्बन्ध में पूर्व में विभिन्न तिथियों में प्रार्थना पत्र दिये गये थे,जिसके क्रम में थाना बहरियाबाद पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए 17 अदद गुमशुदा/खोया हुआ मोबाइल की बरामदगी करते हुए आज दिनाँक-22.12.2025 को मोबाइल धारकों को सुपुर्द किया गया । मोबाइल धारकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस की प्रशंसा की।बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बहरियाबाद मय सीसीटीएनएस टीम के साथ उपस्थित रहे।



## ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बढ़ा कदम,दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण आरंभ

**अखंड भारत संदेश गाजीपुर। जनपद** के मुहम्मदाबाद खंड विकास परिसर के सभागार में ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण 22 से 23 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें ग्राम पंचायतों के स्वयं के आय स्त्रोत बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उप निदेशक (पंचायत) वाराणसी मंडल, वाराणसी के मार्गदर्शन में किया गया है। इसमें विकास खंड क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत सचिवों एवं पंचायत सहायकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख अवधेश राय, खंड विकास अधिकारी यशवंत कुमार राव, एडीओ पंचायत अशोक कुमार तथा डीपीआरसी चंदौली के वरिष्ठ फैकल्टी सुनील सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख अवधेश राय ने कहा कि ग्राम पंचायतों की आर्थिक मजबूती के लिए स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि पंचायत द्वारा संचालित भवनों की पहचान कर उनकी मरम्मत कर उपयोग में लाया जाए, जिससे नियमित आय प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि गौशालाओं में उपलब्ध गोबर से जैविक खाद तैयार कर बिक्री के माध्यम से राजस्व बढ़ाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त पंचायत सचिवालयों में संचालित सीएसी (कॉमन सर्विस सेंटर) पर नागरिकों को अधिक सेवाएं उपलब्ध कराकर भी आय में वृद्धि संभव है। मेला, हाट-बाजार एवं अन्य स्थानीय आयोजनों को व्यवस्थित रूप से संचालित कर पंचायतें अपनी आय के नए स्त्रोत विकसित कर सकती हैं। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रशिक्षकों शशि कुमार, राधेश्याम तथा सुनील सिंह ने प्रतिभागियों को ओएसआर की अवधारणा, इसकी आवश्यकता।





## पुलिस ने पाक्सो एक्ट से संबंधित दो वांछितों को किया गिरफतार

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के थाना कासिमाबाद पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 469/2025 धारा 123/78/351(3) बीएनएस व 67 आईटी एक्ट 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित 02 नफर नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 22.12.2025 को प्रभारी निरीक्षक कासिमाबाद मय हमराह द्वारा थाना स्थानीय पंजीकृत मु0अ0सं0 469/2025 धारा 123/78/351(3) बीएनएस व 67 आईटी एक्ट 7/8 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त 1.मो0 आसिफ पुत्र अब्दुल मजीद 2.अनीश अहमद पुत्र नफीश अहमद निवासीगण गंगौली थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर को जहूराबाद मोड मुबारकपुर चट्टी से किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना कासिमाबाद मय टीम उपस्थित रहे।



# ग्रामीण से शहरी स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचा आरोग्य मेला, 865 लोगों को उपचार



स्वास्थ्य की चौपाल में जांच करते डॉक्टर

अखंड भारत संदेश

## हर रविवार को स्वास्थ्य की चौपाल

**चित्रकूट।** शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों के अंतर्गत रविवार को जनपद में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। यह मेला जिले के 28 ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और एक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित हुआ, जहां एक ही मंच पर वंचित और सामान्य वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। मेले के दौरान कुल 865 लाभार्थियों का परीक्षण और उपचार किया गया, जिनमें 442 पुरुष, 338 महिलाएं और 85 बच्चे शामिल रहे। 39 चिकित्सकों और 89 पैरामेडिकल कर्मियों ने मेले में अपनी सेवाएं दीं। मरीजों में आंख, बुखार, त्वचा, सांस, मधुमेह, गैस्ट्रो और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों के मामलों की पहचान हुई। इसके साथ ही मलेरिया, डेंगू जांच, एएनसी परीक्षण और आठ आयुष्मान गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। विभिन्न रोगों और स्वास्थ्य योजनाओं से जुड़ी जानकारी के लिए स्टॉल लगाए गए। जनमानस से अपील की गई कि प्रत्येक रविवार आयोजित होने वाले इस मेले का अधिकाधिक लाभ उठाएं।

# विधायक अनिल प्रधान ने सदन में रखा चित्रकूट का रिपोर्ट कार्ड, उठाए प्रशासनिक विफलताओं के मुद्दे

- रेफर सिस्टम से घोटालों तक
- मेडिकल कॉलेज से खाद तक सवालों की झड़ी

अखंड भारत संदेश


सदर विधायक अनिल प्रधान

**चित्रकूट।** विधानसभा के तृतीय सत्र 2025 के प्रथम सोमवार को चित्रकूट सदर विधायक अनिल प्रधान ने सदन में जनपद की बदहाल व्यवस्थाओं का विस्तृत चित्र प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जिला अस्पताल अब इलाज के केंद्र नहीं, बल्कि रेफर सेंटर बनकर रह गए हैं। आकांक्षी जिला चित्रकूट की स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां संयुक्त जिला चिकित्सालय और 200 बेड का मातृत्व एवं शिशु चिकित्सालय विशेषज्ञ डॉक्टरों के अभाव में केवल रेफर की मशीन बन गया है। मामूली चोट, प्रसव, हड्डी या पेट दर्द- हर स्थिति में मरीजों को 120 किलोमीटर दूर प्रयागराज भेजा जा रहा है, जिससे रास्ते में ही कई जिंदगियां दम तोड़ देती हैं। विधायक ने आईसीयू, पीआईसीयू, सीआईसीयू, एनआईसीयू और एमआरआई जैसी बुनियादी सुविधाओं की अनुपस्थिति पर सवाल उठाए और 2021 में अधिग्रहित भूमि के बावजूद मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति और बजट न मिलने पर चिंता जताई। मुख्यमंत्री द्वारा घोषित शिक्षकों के कैशलेस उपचार, मुख्यमंत्री राहत कोष की धीमी प्रक्रिया और जिला अस्पतालों में जांच सुविधाओं की कमी भी सदन में उठाई गई। इसके साथ ही लगभग 100 करोड़ रुपये के जिला कोषागार घोटाले का मामला उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग की गई। विधायक ने ऑडिट टीमों, बैंकिंग व्यवस्था और बिचौलियों की भूमिका की जांच पर जोर दिया। खाद संकट, सहकारी समितियों में कथित पक्षपात, बंद पड़ी पंप कैनालें और सिंचाई व्यवस्था की बदहाली भी चर्चा में रही। अंत में महुवागांव में इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण की याचिका प्रस्तुत कर विधायक ने क्षेत्रीय विकास का मुद्दा भी सदन के समक्ष रखा।

# स्वदेशी गायों की इकाइयों को प्रोत्साहन, तीन दुग्ध योजनाओं को मिली हरी झंडी

- दुग्ध उत्पादन से आय बढ़ाने की तैयारी
- स्वदेशी नस्ल की गायों पर फोकस

**चित्रकूट।** जिले में दुग्ध उत्पादन और स्वदेशी गौवंश आधारित आजीविका को विस्तार देने की दिशा में नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत तीन महत्वपूर्ण योजनाओं की चयन प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा एसके पाण्डेय के अनुसार जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर चयनित लाभार्थियों को योजना स्थापना हेतु चयन पत्र जारी कर दिए गए हैं। वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के अंतर्गत जनपद से कुल 28 लाभार्थियों-14 महिला और 14 पुरुष- का चयन किया गया है, जिनके लिए दो उन्नत स्वदेशी नस्ल की गायों की इकाई स्थापित करने पर अधिकतम 80 हजार रुपये तक का अनुदान अनुमन्य होगा। इस योजना में गिर, साहीवाल, थारपारकर और हरियाणा नस्ल की प्रथम या द्वितीय ब्यांत की गायों का प्रावधान है। इसी क्रम में नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना के अंतर्गत 25 स्वदेशी गायों की बड़ी इकाई स्थापित करने हेतु जनपद से दो लाभार्थियों का चयन किया गया है। इस योजना में कुल इकाई लागत पर तीन चरणों में अधिकतम 31.25 लाख रुपये तक का अनुदान मिलेगा, जिसमें लाभार्थी अंश, बैंक ऋण और सरकारी अनुदान का स्पष्ट ढांचा तय किया गया है। भूमि, चारा उत्पादन और गायों की आयु व ब्यांत से संबंधित शर्तें भी निर्धारित की गई हैं। वहीं मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत 10 गायों की इकाई स्थापना के लिए जनपद से आठ लाभार्थियों का चयन हुआ है, जिसमें दो चरणों में अधिकतम 11.80 लाख रुपये तक का अनुदान दिया जाएगा।

# खेत में सिंचाई के दौरान ठंड बनी काल, रैपुरा के किसान की दर्दनाक मौत

**चित्रकूट।** जनपद के रैपुरा थाना क्षेत्र के भैरमपुर गांव में शीतलहर ने एक किसान की जान ले ली। गांव निवासी हीरालाल रोज की तरह सुबह खेत में सिंचाई के लिए गए थे, लेकिन अत्यधिक ठंड के बीच अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे खेत में ही अचेत होकर गिर पड़े। सूचना पर परिजन और ग्रामीण उन्हें तत्काल रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने प्रथम दृष्टया मौत का कारण ठंड लगना बताया है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की। किसान की आकस्मिक मौत से भैरमपुर गांव में शोक का माहौल है। परिजन सदमे में हैं, वहीं ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की है।

# चार साल पुराने मामले में पॉक्सो कोर्ट ने दोषी को सुनाई 20 साल कठोर सजा

## नाबालिग से दुष्कर्म का मामला

**चित्रकूट।** विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट ने नाबालिक बालिका के साथ दुष्कर्म, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी को कड़ी सजा सुनाकर एक अहम संदेश दिया है। खेत में शौच के लिए गई मासूम के साथ हुई इस जघन्य वारदात में दोषी पाए गए आरोपी जग्गू नाई उर्फ मनोज को न्यायालय ने 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 7 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट श्रीमती रेनू मिश्रा ने सोमवार को सुनाया। यह सजा उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत की गई प्रभावी पैरवी का परिणाम मानी जा रही है। पुलिस महानिदेशक के निर्देशों के क्रम में इस मामले की सतत निगरानी की गई। प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीप्रकाश यादव, पैरोकार मुख्य आरक्षी अजय, मॉनिटरिंग सेल प्रभारी प्रभुनाथ यादव एवं उनकी टीम द्वारा अदालत में साक्ष्यों की मजबूत प्रस्तुति की गई, जबकि अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (विशेष पॉक्सो) ने प्रभावी बहस रखी। मामला 14 जुलाई 2020 का है, जब थाना मानिकपुर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ खेत में दुष्कर्म किया गया और धमकियां दी गईं। आरोपी को 17 जुलाई 2020 को गिरफ्तार किया गया था तथा विवेचना पूर्ण कर 22 अगस्त 2020 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। लगभग चार वर्ष बाद आए इस फैसले को पीड़ित पक्ष के लिए न्याय की दिशा में अहम माना जा रहा है।

# सेमरदहा में छतों से घुसे चोर, एक रात में तीन घरों की नींद उड़ाई

**चित्रकूट।** जिले के बहिलपुरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरदहा गांव में बीती रात चोरों ने बेखौफ होकर तीन घरों को निशाना बना लिया। छत के रास्ते घरों में दाखिल हुए चोर नन्हा यादव, संतोष कोटार्य और बृजकिशोर त्रिपाठी के मकानों से लाखों रुपये के जेवरात, नगदी और कीमती सामान समेट ले गए। सुबह जब परिजन जागे तो कमरों में बिखरा सामान देख उनके होश उड़ गए। सूचना पर बहिलपुरवा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश है। लोगों ने रात्रि गश्त बढ़ाने और जल्द गिरफ्तारी की मांग उठाई है।

# राजकीय निजी आईटीआई में बैच-टू के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 24 दिसंबर

**चित्रकूट।** नोडल अधिकारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मानिकपुर दुष्यंत कुमार द्विवेदी ने बताया कि प्रदेश के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित छह माह के एनसीवीटी/एससीवीटी आधारित पाठ्यक्रमों में बैच-टू के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ड्रोन पायलट, ड्रोन टेक्नीशियन और डाटा एंट्री ऑपरेटर जैसे पाठ्यक्रमों की उपलब्ध सीटों के सापेक्ष अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन से पूर्व मोबाइल नंबर का ओटीपी सत्यापन अनिवार्य होगा। फार्म भरने के बाद ऑनलाइन भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग या यूपीआई के माध्यम से किया जा सकेगा। भुगतान के पश्चात आवेदन पत्र का प्रिंट लिया जा सकता है। आवेदन में सुधार के लिए अंतिम सबमिशन के बाद 48 घंटे का समय मिलेगा। ऑनलाइन आवेदन 10 दिसंबर से 24 दिसंबर की रात 12 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। सामान्य व पिछड़ा वर्ग के लिए शुल्क 250 रुपये तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए 150 रुपये निर्धारित है।

# मादक पदार्थ विरोधी अभियान में दो थानों की कार्रवाई, गांजे की बड़ी बरामदगी



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को दो अलग-अलग थानों में अहम सफलता मिली है। थाना भरतकूप पुलिस टीम ने एक आरोपी को 9 किलो 150 ग्राम सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार किया। निरीक्षक अपराध अभयराज सिंह, दारोगा अतीन्द्र सिंह चौहान, अभिषेक सिंह एवं पुलिस टीम ने गोबरिया बुजुर्ग निवासी धीरेंद्र सिंह उर्फ धीरू को एक प्लास्टिक बोरी में रखे गांजे के साथ पकड़ा, जिसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं थाना बरगढ़ पुलिस टीम ने अरवारी मोड़ निवासी निशा शुक्ला को 320 ग्राम अवैध सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार किया। महिला आरोपी के विरुद्ध भी एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।

# इग्नू जनवरी 2026 सत्र प्रवेश शुरू, कर्वी अध्ययन केंद्र पर पाठ्यक्रमों की उपलब्धता

**चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्वी चित्रकूट स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र पर जनवरी 2026 सत्र के लिए प्रवेश अधिसूचना जारी कर दी गई है। इच्छुक विद्यार्थी 31 जनवरी तक इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इग्नू द्वारा ओडीएल एवं ऑनलाइन मोड में 350 से अधिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जो नौकरीपेशा, नियमित अध्ययनरत एवं शैक्षिक उन्नयन चाहने वाले विद्यार्थियों के लिए उपयोगी विकल्प प्रदान करते हैं।

# सुषमा स्वरूप स्कूल में खेल महोत्सव का आगाज, कबड्डी से हुई प्रतिस्पर्धा की शुरूआत

**चित्रकूट।** सुषमा स्वरूप इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव स्वरूप खेल उत्सव का शुभारंभ उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजापुर एसडीएम फूलचंद यादव, विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी राजकमल तथा पहाड़ी थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। अतिथियों का स्वागत बैज, कैप एवं पौधा भेंट कर किया गया, जिसके बाद विद्यालय ध्वज फहराया गया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत अनुशासित मार्चपास्ट और मशाल दौड़ ने मैदान में जोश और ऊर्जा का संचार कर दिया। प्रधानाचार्या अपर्णा पांडेय ने स्वागत भाषण में खेलों को व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने सीनियर कबड्डी टीम से परिचय प्राप्त कर हरी झंडी दिखाते हुए खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक विकास के साथ अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना को मजबूत करते हैं। मार्चपास्ट प्रतियोगिता में ग्रीन हाउस प्रथम और रेड हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। पहले दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। समापन पर समन्वयक केशव शिवहरे ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# चित्रकूट में रोड-नाली निर्माण की मांग, मोहल्लेवासियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, 3 साल से नहीं हुआ काम

**चित्रकूट।** चित्रकूट के सीतापुर किला बाग मोहल्ले के निवासियों ने सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर रोड और नाली निर्माण की मांग की। उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। मोहल्लेवासियों ने बताया कि उनके क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों से सड़क और नाली का निर्माण नहीं कराया गया है। इस कारण उन्हें आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निवासियों के अनुसार, उन्होंने कई बार नगर पालिका अध्यक्ष से संपर्क किया, लेकिन उन्हें हर बार बजट न होने का हवाला देकर टाल दिया गया।

रोड और नाली न होने के कारण स्कूली बच्चों सहित सभी लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है। खासकर बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या गंभीर हो जाती है, जिससे लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लगातार समस्याओं से परेशान होकर मोहल्लेवासियों ने अंततः जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। इस दौरान प्रदीप, सुरेश, राजा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# जिले में 151 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न चार दिन तक गूंजे मंत्र और आहुतियां

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** तीर्थ नगरी चित्रकूट में चार दिवसीय विराट 151 कुंडीय गायत्री महायज्ञ धार्मिक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां देकर विश्व कल्याण की कामना की। महायज्ञ के संयोजक एवं गायत्री शक्तिपीठ के संचालक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने बताया कि शांतिकुंज से आई संत टोली ने विधिवत यज्ञ एवं विविध संस्कार संपन्न कराए। टोली नायक परमानंद द्विवेदी ने मानव जीवन के उच्च उद्देश्य और देवत्व जागरण पर प्रकाश डाला। सत्संग, संस्कार और सनातन संस्कृति की महत्ता पर वक्ताओं ने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान पुंसवन, मुंडन, नामकरण, विद्यारंभ और दीक्षा जैसे संस्कार संपन्न हुए। यज्ञ स्थल पर श्रद्धा, अनुशासन और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण बना रहा। आयोजन में संतों, सामाजिक कार्यकताओं और गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।



गायत्री यज्ञ में मौजूद भक्तगण

# इमरान खान के बेटों पर जेल में उनसे मिलने पर कोई रोक नहीं है: पाकिस्तान सरकार

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** सरकार ने शनिवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटे यदि देश में आते हैं, तो उनके जेल में बंद अपने पिता से मिलने पर ह्यकोई रोकह्ल नहीं है। खबरों के मुताबिक, पाकिस्तानी अधिकारियों ने खान से मुलाकातों पर अचानक इस आधार पर अघोषित प्रतिबंध लगा दिए हैं कि मिलने वाले इन मुलाकातों का इस्तेमाल राजनीतिक उद्देश्यों के लिए करते हैं।

इस कदम के बाद उनके परिवार और पार्टी सदस्यों ने जेल में उनकी स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की है। गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी ने यहां पत्रकारों से कहा, ह्यह्यसुलेमान खान और कासिम खान के अपने पिता इमरान खान से रावलपिंडी की अडियाला जेल में मिलने पर कोई रोक नहीं है।



सुलेमान और कासिम, जो वर्तमान में लंदन में रहते हैं, खान के पहले विवाह से हुए बेटे हैं और उनकी मां ब्रिटिश टेलीविजन की मशहूर हस्ती जेमिमा गोल्डस्मिथ हैं। इस हफ्ते की शुरूआत में स्काई न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में दोनों भाइयों ने कहा था कि उन्हें डर है कि वे शायद जेल में बंद अपने पिता को फिर कभी नहीं देख पाएंगे। इसके कुछ दिन बाद ही चौधरी का यह बयान आया है। खान भाइयों ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक से, जो अगस्त 2023 से जेल में हैं, महीनों से न तो मुलाकात की है और न ही बात की है। वे उनकी सुरक्षा और कुशलक्षेम को लेकर चिंतित हैं।

चौधरी ने कहा, अगर सुलेमान और कासिम पाकिस्तानी वीजा के लिए आवेदन करते हैं, तो हम उन्हें वीजा दे देंगे। हम उन्हें अपने पिता से मिलने से नहीं रोकेंगे, इसलिए यह दुष्प्रचार बंद होना चाहिए कि पाकिस्तानी सरकार पिता-पुत्रों की मुलाकात में बाधा डाल रही है।ह्लह्ल उन्होंने इस बात से भी इनकार किया कि खान को दिन में 23 घंटे एकांत कारावास में रखा जाता है।

पीटीआई नेता के बेटों ने साक्षात्कार में दावा किया है कि उनके पिता को जेल में एकांतवास में रखा जा रहा है और उन्होंने इसे ह्ययातना की स्पष्ट रणनीतिह्ल करार दिया। अप्रैल 2022 में सत्ता से बेदखल होने के बाद से इमरान खान के खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए हैं।

# यूनुस ने हादी के मिशन को 'मंत्र' बताया, भारत पर लगाए गंभीर आरोप

**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस ने कट्टरपंथी नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत पर दुख जताते हुए उनके बताए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया है। पिछले हफ्ते नकाबपोश हमलावरों ने हादी के सिर में गोली मार दी थी, जिसके बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

हादी के जनाजे में उमड़ी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए यूनुस ने कहा कि हादी का मिशन अब एक 'मंत्र' बन चुका है जिसे आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी।

यूनुस ने कहा, 'हम तुम्हें विदा करने नहीं, बल्कि वादा करने आए हैं। जो सपना तुमने देखा था, उसे हम और बांग्लादेश की आने वाली पीढ़ियाँ मिलकर पूरा करेंगे।'

भारत विरोधी रुख के लिए जाने जाने वाले नेता को याद करते हुए यूनुस ने कहा कि अब बांग्लादेश दुनिया के सामने सिर उठाकर चलेगा और किसी के सामने नहीं



झुकेगा। यूनुस के अनुसार, हादी ने चुनाव लड़ने और प्रचार करने का एक नया तरीका सिखाया है जिसे देश कभी नहीं भूलेगा।

तनाव की वजह क्या है?

32 साल के उस्मान हादी 2024 के छात्र विद्रोह के दौरान चर्चा में आए थे।

पिछले शुक्रवार को ढाका में चुनावी अभियान के दौरान उन्हें गोली मार दी गई थी। इस घटना के बाद से ही स्थिति तनावपूर्ण है। पुलिस का कहना है कि हत्या के संदिग्ध भारत भाग गए हैं। इस दावे के बाद भारत और बांग्लादेश के बीच राजनयिक तकरार बढ़ गई है और दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजदूतों को तलब किया है।

हादी की मौत के बाद पूरे बांग्लादेश में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ढाका सहित कई शहरों में प्रदर्शनकारियों ने इमारतों में आग लगा दी, जिससे जान-माल का काफी नुकसान हुआ है।

## पब में हुई गोलीबारी में नौ लोगों की मौत, 10 लोग घायल

**दक्षिण अफ्रीका**

**दक्षिण** अफ्रीका के एक पब में शनिवार देर रात बंदूकधारियों के एक समूह द्वारा की गई गोलीबारी में नौ लोगों की मौत हो गई और कम से कम 10 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना शनिवार देर रात एक बजे से ठीक पहले ह्यबेकर्सडेलह्ल कस्बे में हुई, जो जोहानिसबर्ग से 46 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। दक्षिण अफ्रीका में तीन सप्ताह में गोलीबारी की यह दूसरी घटना है। पुलिस के अनुसार, एक सफेद मिनी-बस और एक सिल्वर रंग की कार में सवार लगभग 12 अज्ञात संदिग्धों ने बेकर्सडेल के टैम्बो इलाके में स्थित ह्यक्वानोक्सोलोह्ल पब में ग्राहकों पर गोलियां चलाईं और घटनास्थल से भागते समय भी अंधाधुंध गोलीबारी करते रहे। पुलिस ने बताया कि इस घटना में नौ लोगों की मौत हो गई और 10 लोग अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस के मुताबिर, ह्लअज्ञात बंदूकधारियों ने सड़कों पर कुछ लोगों को निशाना बना अंधाधुंध गोलीबारी की। प्रांतीय पुलिस आयुक्त मेजर जनरल फ्रेड केकाना ने एसएबीसी टेलीविजन को बताया कि मृतकों में से एक ऑनलाइन कार-हाइलिंग सेवा का चालक था।

# ओडेसा बंदरगाह पर रूसी हमले में आठ लोगों की मौत, 27 घायल

**यूक्रेन**

**दक्षिणी** यूक्रेन के ओडेसा में शुक्रवार देर रात बंदरगाह के बुनियादी ढांचे पर रूसी मिसाइल हमले में आठ लोग मारे गए और 27 घायल हो गए। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने यह जानकारी दी। आपातकालीन सेवा ने टेलीग्राम पर पोस्ट में बताया कि कुछ लोग बस पर हमले में घायल हुए। पार्किंग स्थल में ट्रकों में आग लग गई और अन्य गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं। ओडेसा क्षेत्र के प्रमुख ओलेह किपर ने बताया कि बंदरगाह पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया गया।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पिछले दिन उसने यूक्रेनी सशस्त्र बलों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले परिवहन और भंडारण



बुनियादी ढांचे के साथ-साथ ऊर्जा सुविधाओं को निशाना बनाया। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने एक बयान में कहा कि यूक्रेनी सेना ने ड्रोन से एक रूसी युद्धपोत और अन्य ठिकानों को निशाना बनाया।

टेलीग्राम पर पोस्ट किए गए बयान के अनुसार, शुक्रवार की रात को हुए हमले में रूसी युद्धपोत ओखोतनिक को निशाना बनाया गया। यह युद्धपोत तेल और गैस उत्पादन प्लेटफॉर्म के पास कैस्पियन सागर में गश्त कर रहा था। कितना नुकसान हुआ, इसका अभी आकलन किया जा रहा है।

कैस्पियन सागर स्थित फिलानोव्स्की तेल और गैस क्षेत्र में एक ड्रिलिंग प्लेटफॉर्म को भी निशाना बनाया गया। इसका संचालन रूसी तेल कंपनी लुकोइल करती है। यूक्रेनी ड्रोन ने क्रीमिया के क्रास्नोसिलस्के क्षेत्र में एक रडार प्रणाली पर भी हमला किया। इस बीच, रूस सरकार के दूत युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका द्वारा प्रस्तावित योजना पर बातचीत को लेकर फ्लोरिडा जाने वाले हैं। ये चचाएं डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के महीनों से जारी शांति प्रयासों का हिस्सा हैं। इसके तहत इस सप्ताह की शुरूआत में बर्लिन में यूक्रेन और यूरोपीय अधिकारियों के साथ बैठकें भी हुई थीं।

यूक्रेन के मुख्य वातार्कार ने कहा कि उनके प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका में अमेरिकी और यूरोपीय सहयोगियों के साथ अलग-अलग बैठकें की हैं। वहीं, यूरोपीय संघ के नेताओं ने यूक्रेन को अगले दो वर्षों के लिए उसकी सैन्य और आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए ब्याज-मुक्त ऋण प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की।

# हिंदू व्यक्ति की पीटकर हत्या करने के मामले में 10 लोग गिरफ्तार

**बांगलादेश**

**बांग्लादेश** की अंतरिम सरकार ने शनिवार को कहा कि एक हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मैमेनसिंह शहर में बृहस्पतिवार को कथित ईशनिंदा को लेकर भीड़ ने दीपू चंद्र दास (25) की पीटकर हत्या कर दी थी और शव को आग लगा दी थी।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने ह्यएक्सह्ल पर लिखा कि रैपिड



एक्शन बटालियन (आरएबी) ने मामले में संदिग्ध के तौर पर 10 लोगों को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने कहा कि आरएबी और पुलिस ने इन लोगों को गिरफ्तार करने के लिए अलग-अलग जगहों पर अभियान चलाया। विभिन्न स्थानों पर अभियानों के दौरान गिरफ्तारियां की गईं और गिरफ्तार लोगों की उम्र 19 से 46 साल के बीच है। पुलिस के अनुसार, मजदूरी करने वाले दास को पहले भीड़ ने ईशनिंदा के आरोपों में फैक्टरी के बाहर पीटा और फिर पेड़ से टांग दिया। पुलिस ने कहा कि इसके बाद भीड़ ने मृतक के शव को ढाका-मैमेनसिंह राजमार्ग के किनारे छोड़ दिया और बाद में उसमें आग लगा दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद किया और उसे पोस्टमॉर्टम के लिए मैमेनसिंह मेडिकल कॉलेज के शवगृह में भेज दिया।

# दीपू चंद्र दास ने नहीं की थी कोई भड़काऊ टिप्पणी, ईशनिंदा के आरोप निकले झूठे

**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** के मैमन सिंह में ईशनिंदा के आरोप में भीड़ द्वारा मार दिए गए 25 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में पता चला है कि दीपू ने ऐसी कोई टिप्पणी नहीं की थी जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों। वह पूरी तरह निर्दोष था और केवल अफवाहों के कारण उसे अपनी जान गंवानी पड़ी।

क्या हुआ था?

मैमनसिंह की एक गारमेंट फैक्ट्री में काम करने वाले दीपू के खिलाफ अफवाह फैली कि उसने इस्लाम पर अपमानजनक टिप्पणी की है। उत्तेजित भीड़ ने उसे फैक्ट्री से खींचकर बाहर निकाला और पीट-पीटकर



उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद भीड़ ने दीपू के शव को हाईवे के पास एक पेड़ से लटकाकर आग लगा दी। इस पूरी घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

जांच में सच आया सामने

बांग्लादेश के आतंकवाद विरोधी बल ने साफ किया है कि दीपू के फेसबुक या बातचीत में ईशनिंदा का कोई सबूत नहीं मिला है। फैक्ट्री के सहकर्मियों ने भी ऐसी किसी बात की पुष्टि नहीं की।

सरकार का रुख

मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सरकार का कहना है कि नए बांग्लादेश में ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है और दोषियों को सख्त सजा दी जाएगी।

## मंत्रालय की वेबसाइट से कम से कम 16 फाइल गायब

**अमेरिका**

**यौन** अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े दस्तावेजों को सार्वजनिक करने के लिए अमेरिकी न्याय मंत्रालय द्वारा बनाए गए वेबपेज से कम से कम 16 फाइल गायब हैं। इन फाइल में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक तस्वीर भी शामिल है।

ये फाइल एक दिन पहले ही साझा की गई थीं लेकिन अब वे वेबपेज पर उपलब्ध नहीं हैं। इस संबंध में न तो सरकार की ओर से कोई स्पष्टीकरण दिया गया है और न ही आम जनता को कोई सूचना दी गई है। ये फाइल शुक्रवार को वेबपेज पर उपलब्ध थीं लेकिन शनिवार को इन तक पहुंच को बाधित कर दिया। इनमें नग्न महिलाओं को दशार्ने वाली पेंटिंग की तस्वीरें भी शामिल थीं। इनमें से एक तस्वीर में एक अलमारी और दराजों में रखी तस्वीरें नजर आ रही थीं। उसी तस्वीर में एक दराज के अंदर अन्य तस्वीरों के बीच डोनाल्ड ट्रंप, जेफ्री एपस्टीन, अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप और एपस्टीन की सहयोगी गिस्लेन मैक्सवेल की तस्वीर भी थी।

# जोहान्सबर्ग के पास बार में अंधाधुंध फायरिंग

## 9 लोगों की मौत

**दक्षिण अफ्रीका**

**दक्षिण अफ्रीका** में रविवार सुबह एक बार में हुई गोलीबारी में 9 लोगों की मौत हो गई। यह घटना जोहान्सबर्ग से करीब 40 किलोमीटर दूर बेकर्सडेल इलाके में हुई, जो अपनी सोने की खदानों के लिए जाना जाता है। इस महीने देश में मास शूटिंग की यह दूसरी बड़ी घटना है।

घटना के बारे में

सामने आई जानकारी के अनुसार,




घटना रात करीब 1:00 बजे हुई, जब दो गाड़ियों में आए दर्जन भर हमलावरों ने बार में बैठे लोगों पर अचानक गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। भागते समय भी हमलावर अंधाधुंध फायरिंग करते रहे। इस हमले में 9 लोगों की जान चली गई और 10 अन्य घायल हुए हैं। मरने वालों में एक ऑनलाइन टैक्सी ड्राइवर भी शामिल है जो बार के बाहर मौजूद था।

पुलिस ने पहले मरने वालों की संख्या 10 बताई थी, जिसे बाद में सुधार कर 9 कर दिया गया। फिलहाल हमलावरों की तलाश जारी है।

दक्षिण अफ्रीका में हत्या की दर सबसे ज्यादा

दक्षिण अफ्रीका दुनिया के उन देशों में शामिल है जहां हत्या की दर सबसे ज्यादा है। यहां अक्सर गैंगवार और आपसी व्यापारिक दुश्मनी के कारण गोलीबारी होती रहती है। हालांकि देश में बंदूक रखने के नियम सख्त हैं, लेकिन बड़े पैमाने पर अवैध हथियारों की मौजूदगी सरकार के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है।

## 80 साल पहले स्थापित वैश्विक व्यवस्था स्पष्ट रूप से बिखर रही




**सिम्बायोसिस**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक पदानुक्रम में महत्वपूर्ण बदलाव आया है और 80 साल पहले स्थापित वैश्विक व्यवस्था स्पष्ट रूप से बिखर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यह स्वीकार करना आवश्यक है कि वैश्विक शक्तियां अब सार्वभौमिक होने में सक्षम नहीं हैं। जयशंकर ने कहा कि आज की दुनिया की स्पष्ट तस्वीर खींचना एक वास्तविक समस्या है क्योंकि इसका बहुत बड़ा हिस्सा परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। विदेश मंत्री पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल के दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे।

जयशंकर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि चलिए अब कुछ दशकों आगे बढ़ते हैं और वर्तमान समय की बात करते हैं। विश्व की बात करें तो आज इसकी कोई निश्चित तस्वीर पेश करना वाकई एक बड़ी चुनौती है क्योंकि इसका बहुत बड़ा हिस्सा परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। लेकिन 80 साल पहले स्थापित वैश्विक व्यवस्था स्पष्ट रूप से बिखर रही है। वैश्विक व्यवस्था में हो रहे बदलावों के कारणों की बात करते हुए, जयशंकर ने इसका श्रेय विशेष रूप से बड़े देशों की राजनीति और नीतियों को दिया। हालांकि, वे खुद उन रुझानों पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं जो शायद उन्हीं के द्वारा उत्पन्न किए गए हों। इस मामले के मूल में तीन अवधारणाएँ हैं। एक, वैश्वीकरण। दो, पुनसंर्तुलन। और तीन, बहुध्रुवीयता। और इन सभी को प्रौद्योगिकी की प्रगति ने गति दी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोई भी शक्तिशाली देश वैश्विक मुद्दों पर अपनी इच्छा थोप नहीं सकता, उन्होंने यह भी कहा कि आज दुनिया में शक्ति और प्रभाव के कई केंद्र उभर आए हैं।

# उस्मान हादी के अंतिम संस्कार के बाद बांग्लादेश में तनाव बरकरार, समर्थकों ने यूनुस सरकार को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम



**बांग्लादेश**

शरीफ उस्मान हादी के अंतिम संस्कार के बाद बांग्लादेश की राजधानी में तनाव बढ़ गया। समर्थकों ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को कड़ी चेतावनी जारी की। उन्होंने हादी की हत्या के लिए जिम्मेदार सभी लोगों की 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी की मांग की। समर्थकों के अनुसार, अंतिम संस्कार के बाद अब धैर्य खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास आरोपियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए सीमित समय है। हादी के समर्थकों ने चेतावनी दी अगर 24 घंटे के भीतर सभी हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो एक बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा।

गौरतलब है कि हादी की जनाजे की नमाज शनिवार दोपहर ढाका में संपन्न हुई। इस नमाज में इंकलाब मंचो के संयोजक के लिए बड़ी संख्या में लोग प्रार्थना करने पहुंचे। परिवार की इच्छा के अनुसार, हादी को राष्ट्रीय कवि काजी नजरुल इस्लाम की कब्र के बगल में दफनाया गया। सुबह से ही शोक मनाने वाले लोग समूहों में मानिक मियां एवेन्यू पर पहुंचने लगे और देखते ही देखते संसद के सामने का रास्ता लोगों से भर गया। भीड़ में से कुछ लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज ओढ़ा हुआ था, जबकि अन्य लोग हादी की हत्या के लिए न्याय की मांग करते हुए नारे लगा रहे थे।

राजकीय शोक मनाया गया

हादी के निधन पर शनिवार को राजकीय शोक मनाया जा रहा है। इस दिन राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और पूजा स्थलों पर विशेष प्रार्थनाएं आयोजित की जाएंगी। इंकलाब मंचो के समर्थकों द्वारा दो दिनों के विरोध प्रदर्शन के बाद राजधानी में अपेक्षाकृत शांति का माहौल रहा। बीडीन्यूज24 के हवाले से एएनआई ने बताया कि उनकी अंतिम संस्कार प्रार्थना से पहले बांग्लादेश गार्ड बॉर्डर और पुलिस को संसद भवन और ढाका के अन्य प्रमुख स्थानों पर तैनात किया गया था।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा